डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8


सिनेमा:-पठान के सेट से वायरल हुई शाह रुख खान की मस्ती करते हुए फोटो, क्रू मेंबर्स से यूं बटोरा प्यार

वर्ष -08 अंक -272 | प्रयागराज शुक्रवार 20 जनवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में मास्क लगाना हुआ अनिवार्य, राज्य में दर्ज किए गए हैं एदन्् 19 के सबसे ज्यादा सक्रिय मामले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** भले ही देश में कोरोना वायरस से संक्रिमत लोगों की संख्या घट रही है, लेकिन कई राज्य सरकार कोरोना वायरस को लेकर काफी सतर्कता बरत रही है। सोमवार को केरल सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा इस आदेश में दुकानों , थिएटरों और किसी भी कार्यक्रम के आयोजकों को



अनिवार्य रूप से सैनिटाइजर उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है। केरल सरकार की ओर से कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक दूरी (एदर्मेत् अ्रैहम्हु) के मानदंडों का भी पालन किया जाना चाहिए। इससे पहले राज्य सरकार ने 12 जनवरी के अपने आदेश में राज्य में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय करने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि देश के सभी राज्यों की तुलना में केरल में कोरोना के सक्रिय मामले सबसे ज्यादा हैं। इसके बाद कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा में मामले सक्रिय हैं। बता दें कि 15 जनवरी 2023 की सुबह आठ बजे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में सक्रिय मामलों की संख्या 2,149 थी। भारत में केरल में 1,303 मामले सक्रिय हैं जबकि कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 146 है। इसी तरह महाराष्ट्र में 139, ओडिशा में 87, पुडुचेरी में 76, तेलंगाना में 41, उत्तराखंड में 18, उत्तर प्रदेश में 18, पश्चिम बंगाल में 55, राजस्थान में 6 मामले सक्रिय हैं।

## सीबीआई ने सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी के ठिकानों पर मारा छापा, 15 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भुवनेश्वर में रेलवे के एक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के परिसर पर छापेमारी के दौरान 17 किलोग्राम सोना और 1.57 करोड़ रुपये नकदी जब्त की। सीबीआई के अधिकारियों ने मंगलवार को छापेमारी की जानकारी दी। ने प्रमोद कुमार जेना के खिलाफ दर्ज किया था केस एजेंसी ने 1989 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी प्रमोद कुमार जेना के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में तीन जनवरी को मामला दर्ज किया था। बता दें कि प्रमोद कुमार जेना पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त अधिकारी पर कथित तौर पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। ने नकदी व 17 किलोग्राम सोना किया बरामद अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भुवनेश्वर में प्रमोद कुमार जेना के परिसरों की तलाशी ली। इस दौरान उन्हें कामयाबी मिली। सीबीआई ने प्रमोद कुमार जेना के ठिकानों से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, 17 किलोग्राम सोना और आभूषण बरामद किया है। जिसकी कीमत 8 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है। इसके अलावा बैंक और डाक जमा रसीदों के साथ ही 2.5 करोड़ रुपये और बड़ी संख्या में संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं।



## गोवा के मनोहर पर्रिकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित लोगों को नहीं मिली वैकल्पिक जमीन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पणजी।** महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के विधायक जीत अरोलकर ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में कहा कि मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निर्माण के कारण जिन



लोगों की जमीन चली गई, उन्हें अब तक वैकल्पिक जमीन नहीं मिली है। उत्तरी गोवा जिले के मोपा में स्थित मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया था। विधानसभा में चर्चा के दौरान अरोलकर ने कहा कि धनगर (चरवाहा) समुदाय के सदस्यों को हवाईअड्डा परियोजना के पास 36,000 वर्ग मीटर जमीन मंजूर की गई थी, जिसमें से उन्हें केवल 11,200 वर्ग मीटर जमीन आवंटित किया गया था। शेष क्षेत्र में (36,000 वर्ग मीटर में से), जमीन का एक टुकड़ा है जहां धनगर समुदाय के सदस्य अपने अनुष्ठान करते हैं, उन्होंने कहा। एमजीपी नेता ने कहा, वह क्षेत्र हवाईअड्डे का हिस्सा नहीं है और अभी भी नागरिक उड्डयन मंत्रालय के पास है। पेरनेम के विधायक प्रवीण अर्लेकर (भाजपा) ने कहा कि शायद ही स्थानीय लोगों को नए हवाई अड्डे पर नियोजित किया गया है और जिन युवाओं को मोपा में विमानन कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षित किया गया था, वे वर्तमान में बेरोजगार हैं। जीत अरोलकर के दावों का जवाब देते हुए, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि नए हवाई अड्डे पर 2,263 लोग कार्यरत थे और उनमें से 1,301 स्थानीय पेरनेम तालुका से थे। उन्होंने कहा कि कौशल केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लोगों को भविष्य में नौकरी दी जाएगी।

## साबुन की केस में छिपा ले जा रहा था हेरोइन, मिजोरम पुलिस ने धर दबोचा; दो गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मिजोरम पुलिस को मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चम्फाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास से 1.31 करोड़ रुपये जनवरी को चम्फाई-जोखवथर मार्ग पर मुआलकावी इलाके में तलाशी अभियान चलाया था। दोनों आरोपियों के पास से 263.4 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया है।असम राइफल्स ने बयान में कहा



की हेरोइन जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार यानि आज इसकी जानकारी दी गई। गुप्त सूचना के आधार पर चलाया तलाशी अभियान गुप्त सूचना के आधार पर असम राइफल्स के जवानों और राज्य आबकारी विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने 16 कि प्रतिबंधित सामग्री को 21 साबुन की केस में छुपाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि बरामद की गई हेरोइन को म्यांमार से तस्करी कर लाया गया माना जा रहा है। बयान में कहा गया है, 'दो आरोपियों और जब्त की गई खेप को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए आबकारी और मादक पदार्थ विभाग को सौंप दिया गया है।

## दूसरी शादी के बाद कितनी बढ़ी दाऊद की फैमिली, जानें परिवार में है कौन-कौन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भांजे अलीशाह ने अपने मामा की दूसरी शादी को लेकर



खुलासा किया है। अलीशाह ने एनआईए को बताया है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने एक पठान महिला से दूसरी शादी की है। अलीशाह के इस खुलासे के बाद एक बार फिर दाऊद और उसका परिवार चर्चा में है। दाऊद और उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, इस बारे में हम आपको विस्तार से इस रिपोर्ट में बताएंगे। महजबीन से हुई थी दाऊद की पहली शादी दरअसल, अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की पहली शादी महजबीन से हुई है, जिसे जुबीना जरीन के नाम से भी जाना जाता है। दाऊद और महजबीन के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा है। दाऊद की सबसे बड़ी बेटी महरुख है, उसकी साल 2006 में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद के बेटे जुनैद से शादी हुई थी।दाऊद की दूसरी बेटी महरीन की शादी फरवरी 2010 में अमेरिका के एक व्यवसायी के बेटे अयूब से हुई थी। वहीं, दाऊद का इकलौता बेटा मोइन नवाज यूके में पढ़ाई कर रहा है। बता दें कि मोइन दुबई और कराची में अपने पिता के बिजनेस को भी देखता है। उसने सितंबर 2011 में अमेरिका में रहने वाली सानिया शेख से शादी की थी। हालांकि, दाऊद की तीसरी बेटी मारिया की कुछ समय पहले पाकिस्तान में मलेरिया से मौत हो गई थी। बता दें कि दाऊद इब्राहिम का जन्म महाराष्ट्र के रत्नागिरी में एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। दाऊद के पिता इब्राहिम कास्कर मुंबई पुलिस में एक हेड कांस्टेबल के रूप में काम करते थे और उसकी मां अमीना बी एक हाउस वाइफ थी। इसके अलावा दाऊद के परिवार में सात भाई और चार बहनें भी थीं। दाऊद का भाई अनीस इब्राहिम, मुस्तकीम अली, जैतुन अंतुले दुबई और कराची में रहता है, जबकि इकबाल कासकर मुंबई की एक जेल में बंद है। वहीं, दाऊद की चार बहनों में से फरजाना तुंगेकर और हसीना की मौत हो चुकी है। दाऊद के बारे में बताया जाता है कि उसने कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। वह स्थानीय गैंगस्टर और डॉन बाशु दादा के गिरोह में शामिल हुआ। इसके बाद 1970 के दशक के अंत में उसने अपने बड़े भाई शब्बीर इब्राहिम कास्कर के साथ अपना गैंग बनाया था, जो बाद में डी-कंपनी के नाम से जाना गया। दाऊद सोने की तस्करी, रियल एस्टेट, जबरन वसूली और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। हालांकि, समद खान की हत्या के बाद मुंबई पुलिस द्वारा वांछित होने के बाद दाऊद 1986 में भारत से दुबई भाग गया था।

## अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित होने पर सैयद अकबरुद्दीन बोले- भारत को विफल नहीं कर सकता चीन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है। इस बार चीन ने भी पाकिस्तान का साथ



नहीं दिया। इससे पहले वह हमेशा अड़ंगा लगाता था। अब इस मामले पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रह चुके सैयद अकबरुद्दीन का बयान सामने आया है। चीन भारत को विफल नहीं कर सकता' संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि यह खबर विश्व स्तर पर बढ़ती समझ को दर्शाती है कि चीन भारत को विफल नहीं कर सकता। हमारे लोगों पर हमला करने वालों के खिलाफ भारत की न्याय की खोज पर चीन का गला घोंटना अब व्यर्थ है।सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि अभी कई और लोग हैं, जिन्हें आतंकवादी के रूप में नामित किया जाना है। इनमें साजिद मीर, अब्दुल रऊफ अजहर, शाहिद महमूद और तल्हा सईद शामिल हैं। यह पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के खिलाफ हमारे लोगों के लिए न्याय की हमारी तलाश है और खोज जारी है। अकबरुद्दीन ने कहा कि पहले हमें मसूद अजहर को नामित करने में एक दशक से अधिक समय लगा और अब अब्दुल रहमान मक्की को नामित करने में हमें 7 महीने लग गए। आप देख सकते हैं कि भारत अब किस तरह का दबाव बढ़ा रहा है और यह एक सफलता है। बता दें, मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव भारत ने पिछले साल संयुक्त राष्ट्र में लाया था, लेकिन चीन ने अड़ंगा लगा दिया था। इसी वजह से मक्की को उस समय वैश्विक आतंकी घोषित नहीं किया जा सका था। यूएन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 16 जनवरी 2023 को अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित किया गया। अब मक्की की दुनिया भर में बनाई गई संपत्ति को फ्रीज किया जा सकेगा। उसकी यात्रा पर भी प्रतिबंध रहेगा। बता दें, मक्की 26/11 हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का बहनोई है। लश्कर ए तैयबा की फंडिंग में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मक्की पर जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह करने और उन्हें आतंकी संगठन में शामिल करने का भी आरोप है। यही नहीं, मुंबई बम धमाकों में भी उसकी भूमिका थी।

## सादगी व रहस्यमय कहानियों से भरा था अंतिम निजाम का जीवन,भारत आया पार्थिव शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** हैदराबाद के आखिरी निजाम नवाब मीर बरकत अली खान वालाशन मुकर्रम जाह बहादुर अब नहीं रहे। उन्होंने शनिवार को तुर्की में अपनी आखिरी सांस ली। आज उनके पार्थिव शरीर को प्रिंसली स्टेट के लेखक जॉन जुब्रजीकी ने मुकर्रम जाह का वर्णन करते हुए लिखा कि सालों से उन्होंने एक मुस्लिम राज्य के सनकी शासक की कहानियां पढ़ी थीं, जो अपने हीरों को किलोग्राम के हिसाब से मोतियों को एकड़ के हिसाब से और खान ने बताया कि सातवें निजाम ने अपने पहले बेटे प्रिंस आजम जहां बहादुर के बजाय अपने पोते को गद्दी का उत्तराधिकारी बनाया। इसलिए, 1967 में हैदराबाद के अंतिम पूर्व शासक के निधन पर मुकर्रम जाह आठवें निजाम बने।





हैदराबाद लाया जाएगा। नवाब के निधन के साथ ही हैदराबाद में निजाम रियासत का अंत हो गया है। इस बीच, उनके जीवन, विरासत में मिली दौलत और भारत से दूर उनकी लाइफ के बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं। आइये, उनपर एक नजर डालें। दादा ने दिया प्रिंस का दर्जा नवाब मीर बरकत अली खान को प्रिंस का दर्जा 1954 में उनके दादा व तत्कालीन हैदराबाद रियासत के सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान दिया था। तब से उन्हें हैदराबाद के आठवें और आखिरी निजाम के रूप में पहचाना जाता है। द लास्ट निजामः द राइज एंड फॉल ऑफ इंडियाज ग्रेटेस्ट अपनी सोने की छड़ों को टन के हिसाब से गिनता था। इतना अमीर होने के बावजूद वह नहाकर अपने कपड़े खुद धोते थे।मुकर्रम जाह का जन्म 1933 में फ्रांस में हुआ था। उनकी मां राजकुमारी दुर्रू शेवर तुर्की के अंतिम सुल्तान (ओटोमन साम्राज्य) सुल्तान अब्दुल मजीद द्वितीय की बेटी थीं। वरिष्ठ पत्रकार और हैदराबाद की संस्कृति व विरासत के गहन पर्यवेक्षक मीर अयूब अली खान बताते हैं कि प्रिंस मुकर्रम जाह को आधिकारिक तौर पर 1971 तक हैदराबाद का राजकुमार कहा जाता था, उसके बाद सरकार द्वारा खिताब और प्रिवी पर्स को समाप्त कर दिया गया था। बता दें कि जाह भारत से पहले ऑस्ट्रेलिया गए थे, उसके बाद तुर्की में जाकर रहने लगे। लेखक जॉन जुब्रजीकी ने अपनी कहानी में यह भी बताया है कि तुर्की में उनकी मुलाकात राजकुमार से एक दो-बेडरूम के फ्लैट में हुई थी। वह बहुत ही सादगी के साथ अपना जीवन जीते थे। लेखक ने बताया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रेगिस्तान में एक दरबार की अविश्वसनीय कहानियां सुनी थीं, जहां एक भारतीय राजकुमार ने एक सुंदर ढंग से सजे हाथी के हावड़ा में सवारी करने की बजाय डीजल-बेलिंग बुलडोजर चलाना पसंद किया था। इसके अलावा वह तुर्की केवल दो सूटकेस लेकर पहुंचे थे।

## आतंकी संगठन के लिए फंड जुटाने वाला कौन है अब्दुल रहमान मक्की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जमात-उद-दावा और लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ अब्दुल रहमान मक्की को आखिरकार वैश्विक आतंकी घोषित कर दिया गया है। कई आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहे मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को वैश्विक आतंकी घोषित कर दिया। मक्की काफी पहले ही वैश्विक आतंकी घोषित हो सकता था, लेकिन चीन के अड़ंगे के कारण वो इससे बचता रहा। हालांकि इस बार चीन ने भी यूएन में पाकिस्तान का साथ नहीं दिया, जिस वजह से मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। मक्की 26/11 मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का बहनोई है। भारत और अमेरिका में पहले ही मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित किया जा चुका है। भारत बीते साल यूएन में एक प्रस्ताव भी लाया था, जिससे मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित किया जा सके, लेकिन चीन ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तब उसे वैश्विक आतंकी घोषित नहीं किया जा सका था। फंडिंग जुटाने में सक्रिय रहता है मक्की मक्की आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए फंडिंग जुटाने का काम करता रहा है।

## ग्वालियर में सड़क की खराब स्थिति को लेकर मंत्री ने मांगी माफी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने ग्वालियर में सड़क की खराब स्थिति के लिए माफी मांगी। इतना ही नहीं, उन्होंने एक व्यक्ति के पैर भी धोए। मंत्री के इस काम को लेकर लोगों ने उनकी



सादगी की तारीफ की और उन्हें सहज और सरल बताया। सड़क की मरम्मत का किया वादा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने कहा, ''मैंने सड़क की खराब स्थिति के लिए लोगों से माफी मांगी और सीवर लाइन के काम के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत का वादा किया।'' बता दें, मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसमें कई मंत्रियों की साख दांव पर लगी हुई है।दरअसल, मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और सिंधिया समर्थक प्रद्युम्न सिंह तोमर सड़कों का निरीक्षण करने निकले हुए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति के पैर कीचड़ में गंदे हो गए, जिसके बाद पानी मंगाकर उन्होंने खुद व्यक्ति के पैर धोए। इस बारे में जब मंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह उनका फर्ज था। मंत्री ने व्यक्ति की समस्या के बारे में भी जानकारी ली और अधिकारियों को तुरंत सड़क बनाने का निर्देश भी दिया। मंत्री के व्यक्ति के पैर धोने को लेकर लोगों ने उनकी सराहना भी की। लोगों ने कहा कि यह मंत्री जी की सादगी है कि वह इतने सरल और सहज हैं। मंत्री ने व्यक्ति की समस्या के बारे में भी जानकारी ली और अधिकारियों को तुरंत सड़क बनाने का निर्देश भी दिया। मंत्री के व्यक्ति के पैर धोने को लेकर लोगों ने उनकी सराहना भी की। लोगों ने कहा कि यह मंत्री जी की सादगी है कि वह इतने सरल और सहज हैं।

## मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी होंगे गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी इस बार गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि होंगे। भारत और मिस्र के बीच



राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के इस महत्वपूर्ण अवसर पर जश्न मनाने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर विदेश मंत्रालय के सचिव औसाफ सईद ने सोमवार को कहा कि इस दौरान दोनों देशों के बीच आपसी गर्मजोशी और दोस्ती मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिलने के सिर्फ तीन दिन के बाद ही दोनों देशों ने औपचारिक संबंध स्थापित किए थे।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह को गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था, जिसका उन्होंने गर्मजोशी से स्वीकार किया। विदेश मंत्रालय के सचिव औसाफ सईद ने कहा, 'पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य अतिथि के लिए राष्ट्रपति सीसी को आमंत्रित किया था, जिसका उन्होंने गर्मजोशी से स्वीकार कर लिया है। हमने इस साल अपनी जी 20 की अध्यक्षता के दौरान मिस्र को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है।' उन्होंने कहा कि यह संतोष और सभ्यता का विषय है कि भारत और मिस्र के बीच संबंध न केवल समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं बल्कि आपसी गर्मजोशी, दोस्ती और सद्भावना से और भी मजबूत हुए हैं।' मालूम हो कि मिस्र के राष्ट्रपति इससे पहले भी भारत आ चुके हैं।

## भाजपा के सांसद कौशांबी विनोद सोनकर को गोली से उड़ाने की दी गई धमकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नवाबगंज में कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर को भांजे समेत गोली से उड़ाने की धमकी



देने का मामला सामने आया है। भांजे आलोक प्रकाश का आरोप है कि तिलकोत्सव में जाने के दौरान यह घटना हुई। फिलहाल पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अल्लापुर के पूरा दलेल बचऊ निवासी आलोक प्रकाश पुत्र ओमप्रकाश सोनकर सांसद विनोद सोनकर के भांजे हैं। वह एचडीएफसी लाइफ में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पिछले साल 27 नवंबर को उनकी कंपनी के ही पवन कुमार दुबे के नवाबगंज स्थित पैतृक आवास में तिलकोत्सव आयोजित था। इसमें शामिल होने के लिए वह भी गए थे। आरोप है कि वहां उदय प्रताप सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें गालियां दीं। इसके बाद धमकाते हुए कहा कि तुम्हें पांच राउंड व तुम्हारे मामा सांसद विनोद सोनकर को आठ राउंड गोली उतार दूंगा। यह भी कहा कि सारी नेतागिरी भी उतार दूंगा। आरोप यह भी है कि घटना के वक्त आरोपी नशे में था। आलोक ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी एक हेल्थ केयर कंपनी में क्लस्टर हेड के पद पर कार्यरत है। काम का स्वभाव एक होने के कारण वह उससे ईर्ष्या, प्रतिद्वंदिता रखता है। सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव चिराग जैन ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## संविदा कर्मी की गला रेतकर हत्या जेब से मिली स्मैक और गांजे की पुड़िया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** क्षेत्र के श्री कैलाश धाम मंदिर के सामने झाड़ियों के बीच एक युवक की हत्या कर फेंक दिया गया। युवक के परिजन उसे खोजते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर अपने पुत्र की पहचान कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जसरा के भीटा गांव निवासी शैलेश मिश्रा का पुत्र श्वेताश मिश्रा उर्फ अमन (22) उच्च न्यायालय में संविदा कर्मी के रूप में कार्य करता था। वह शहर के सिविल लाइन से उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद 10 दिनों से वह हाई कोर्ट नहीं जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, श्वेताश बुधवार की शाम को घर से निकला, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। पिता शैलेश अपने पुत्र को खोजते हुए मंदिर के पास पहुंचे तो लोगों ने घटनास्थल की सूचना दी। वहां पहुंचे पिता ने झाड़ियों में पड़े शव की पहचान की। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। मौके पर घूरपुर थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने पहुंचकर शव का मौका मुआयना किया। उसके बाद एसीपी योगेंद्र कुमार व डीएसपी दीपक भूकर भी मौके पर पहुंच गए। मृतक युवक के पिता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि देर शाम वह गांव के एक युवक के साथ घर से निकला था लेकिन रात में नहीं लौटा। सुबह खोजबीन के दौरान उसका शव झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। उसका गला किसी धारदार हथियार से काट दिया गया था।

## यमुना पुल पर कार के धक्के से घायल एआरटीओ भूपेश गुप्ता को आया होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) भूपेश गुप्ता को तीन दिन पहले होश आ गया। जिसके बाद परिजनों सहित ने बताया कि उनकी रिकवरी बेहतर है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। वहीं, परिजनों ने बताया कि एआरटीओ भूपेश गुप्ता कागज में लिखकर



साथी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। एआरटीओ प्रथम अलका शुक्ला सोमवार को लखनऊ उनका हाल चाल लेने मेदांता अस्पताल पहुंचीं। डॉक्टरों बातें कर रहे हैं। बता दें कि दुर्घटना के दौरान एआरटीओ भूपेश गुप्ता के सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिसके बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर्मचारियों पर प्रवेश को लेकर बढ़ा आदेश जारी किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयागराज स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में कर्मचारियों का प्रवेश हर हाल में 10 बजे तक सुनिश्चित करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। मुख्य स्थायी अधिवक्ता की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि महाधिवक्ता कार्यालय का प्रत्येक अधिकारी तथा कर्मचारी हर हाल में सुबह 10 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराए। कहा गया है कि ऐसा न होने की दशा में ऐसे लापरवाह अधिकारियों तथा कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस आशय का निर्देश मुख्य स्थायी अधिवक्ता की ओर से जारी कर दिया गया है। कर्मचारियों की हाजिरी का निर्देश सोमवार 16 जनवरी से अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि कोर्ट में समय से फाइलें पहुंचाना सुनिश्चित किया



जाए। यदि किसी कोर्ट में फाइल न पहुंच सकने को लेकर महाधिवक्ता अथवा सरकार के किसी अधिकारी को कोर्ट बुलाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी दोषी माने जाएंगे और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मामले में कई दिन पूर्व कोर्ट में सरकार की फाइलें समय से न पहुंचने को लेकर कई अदालतें नाराज हो रही थी। कोर्ट ने इसे लेकर प्रमुख सचिव न्याय को 16 जनवरी को तलब भी किया है। कोर्ट के आदेश के बाद बायोमीट्रिक सिस्टम को महाधिवक्ता कार्यालय में चालू कर दिया गया है। सोमवार से कर्मचारियों की हाजिरी इस नए सिस्टम से ही होगी।

## नगर निगम के अधिकारी ने दिखाया तेवर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नगर निगम के अधिकारी ने दिखाया तेवर व्यापारियों के चौक में बुरी तरह से फसें महिला के जाल में। जवान के छूटे अधिकारी ने दबंगई के बल पर अभिषेक अग्रवाल की पोलाथींन दुकान में मारा जबरजस्ती छापा उसी दुकान में बैठी विवेक अग्रवाल की पत्नी महिला गुन्जा अग्रवाल के मना करने पर नगर निगम अधिकारी ने आपत्ति जनक शब्दों किया वार, वहीं तेज तर्रार महिला ने दिया मुँ तोड़ जवाब व्यापारियों ने तत्काल अधिकारियों का किया घेराव। देखते देखते मार्केट लग गया भारी जाम कोतवाली पुलिस को मिली सूचना भागते हुये पहुंची मौके में भारी भरकम के साथ पुलिस फ़ोर्स ने नगर निगम अधिकारियों में सफाई निरीछक अस्वनी कुमार भी करता हैं उल्टा सीधा वर्ताव साथ की गाड़ियों में ् महिंद्रा मार्शल टास्क फ़ोर्स लिखा था, वहीं दूसरी गाडी में ळझ् 70 व् 4091 महिंद्रा मार्शल नगर निगम लिखा हुआ था, साथ ही बिना नंबर की कूड़ादान में चल रही गाड़ी भी रही मौजूद जिसमे माल भरकर ले आए हैं,तभी पुलिस ने लिया हिरासत में वहीं व्यापारियों ने कहाँ यदि महिला को नहीं मिला न्याय तो नौकरी से करवाये गें अधिकारियों को वर्खास्त करेंगे मानहानी का मुकदमा पंजीयन सारी अकड़ कर देंगे ढीली।पुलिस प्रशासन ने दोनों पार्टियों को बैठाकर किया समझौता की बात तभी महिला के परिजनों ने कहाँ ज़ब तक महिला से नहीं मांगेगें माफ़ी नहीं छोडेंगे हम इसके लिए चाहें जो करनी पड़े कार्यवाही। वहीं प्रयागराज कोतवाली पुलिस ने नगर निगम के अधिकारियों से अपील करते हुये कहाँ आप लोग माफ़ी मांगते हुये आपस में करें समझौता नहीं हम करेंगे मुकदमा पंजीयन और बात आपस में करते हुये करवाया गया समझौता।



## मकर संक्रांति पर माघ मेले में स्वास्थ्यकर्मियों की पिटाई पर जमकर हंगामा हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर माघ मेले में स्वास्थ्यकर्मियों की पिटाई पर जमकर हंगामा हुआ। एंबुलेंस ड्राइवर के दांत टूट गए, जबकि फार्मासिस्ट के कपड़े फट गए। आरोप है कि एसडीएम की मौजूदगी में त्रिवेणी अस्पताल में तैनात तीन डॉक्टर व दो फार्मासिस्ट ड्यूटी के लिए वीवीआईपी घाट पर जा रहे थे। वह आरती घाट के सामने पहुंचे थे कि वहां तैनात एक एसडीएम ने गाड़ी रोक ली। फार्मासिस्ट धमेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने बताया राजेंद्र कुमार को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए उसका भी एप्रन फाड़ दिया। गाड़ी में बैठे डॉक्टरों से भी अभद्रता की। इस दौरान कई पुलिसकर्मी भी आ गए। पिटाई में ड्राइवर के दांत टूट गए। जानकारी होने पर साथी



उनके अर्दली ने मारपीट की। आक्रोशित स्वास्थ्यकर्मियों ने काम ठप करते हुए मेला अस्पताल का गेट बंद कर दिया। इस दौरान मरीजों की फजीहत हुई । घटना दोपहर 12 बजे के करीब हुई। कि वह और उनके साथी ड्यूटी पर जा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी गाड़ी नहीं जाने दी गई। आरोप है कि उन्होंने एसडीएम से बात करनी चाही तो उनके अर्दली ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध पर ड्राइवर कर्मचारी भड़क गए और काम ठप कर बाहर चले आए। इसके बाद मेला क्षेत्र में स्थित अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं ठप कर दी गईं। आक्रोशित स्वास्थ्यकर्मी मेला क्षेत्र में ही स्थित कार्यालय में पहुंचे और सीएमओ से शिकायत की। सीएमओ के आश्वासन के बाद भी वह काम शुरू करने पर राजी नहीं हुए। इसके बाद मेलाधिकारी व अन्य अफसर दोपहर तीन बजे के करीब पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत की और कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर कर्मचारी काम पर लौटने को तैयार हुए। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके सिंह ने दावा किया कि मेलाधिकारी के आश्वासन के बाद स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल कर दी गईं। उधर, मेलाधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि एसडीएम आशुतोष राय को सेक्टर की जिम्मेदारी से हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। स्वास्थ्य सुविधाएं ठप होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को अस्पताल के बाहर से ही लौटा दिया गया। कुछ मरीज ऐसे भी रहे जिन्हें एंबुलेंस से लाया गया था, लेकिन घटना की जानकारी के बाद ही एंबुलेंस से उतारकर चालक व अन्यकर्मी भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्हें काफी मनाने की कोशिश की गई। मेलाधिकारी ने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन ,उत्तर प्रदेश शाखा के माघ मेला शिविर का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इन्डियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा माघ मेले में आए हुए श्रद्धालुओं के लिए सेक्टर 2,परेड, मिंटो रोड में दंत स्वास्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 16 जनवरी से 31



जनवरी तक किया गया है जिसका शुभारंभ मेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजीव नारायण मिश्र आइपीएस ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस उपलक्ष्य पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ अमित शुक्ला , आईडीए उत्तर प्रदेश के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ प्रदीप अग्रवाल, आईडीए उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ सचिन प्रकाश,सहायक सचिव डॉ संदीप शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ आशुतोष सिंह उपस्थित रहे। इस शिविर में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायः 4 बजे तक मुख एवं दंत परीक्षण किया जाएगा । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मिश्र के आग्रह पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने माघ मेले में आए विभिन्न पुलिस कर्मियों हेतु पुलिस लाइंस परिसर में भी जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाने का आश्वासन दिया है। शिविर में आज विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों द्वारा मेले में आये श्रद्धालुओं का निशुल्क दंत परिक्षण, दवा वितरण एवं टूथ पेस्ट वितरण किया गया ।



## शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती प्रयागराज में बोले मतांतरण व गोहत्या पर कड़ा कदम उठाएं प्रधानमंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झूंसी।** विश्वस्तर पर भारत का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है, उसमें कोई संदेह नहीं है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल कूटनीति है। दुनिया में भारत व सनातन धर्म का वैभव बढ़ना सुखद है, लेकिन देश में हो रहे मतांतरण व गोहत्या की घटनाएं चिंतनीय है। यह बातें पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कही। माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी मार्ग स्थित अपने शिविर में मंगलवार को उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत को मिलना गौरवपूर्ण है। शंकराचार्य ने कहा कि नरेन्द्र मोदी कुशल राजनेता हैं। उन्हें गोहत्या व मतांतरण की बढ़ती घटनाओं पर गंभीरता से सोचकर उचित कदम चाहिए। देश में हिंदुओं को तमाम तरह का प्रलोभन देकर उन्हें मतांतरण करके मुस्लिम व ईसाई बनाया जा रहा है। यह



चिंतनीय विषय है। जोशीमठ में हो रहे भूस्खलन पर चिंता जताते हुए कहा कि विकास के नाम पर जिस तरह से पर्वत, वन और नदी के स्वरूप को बिगाड़ा जा रहा है उससे दैविक आपदाएं आ रही हैं। जोशीमठ की घटना भी इसी का परिणाम है। अगर पहले से तैयारी हुई होती तो शायद इसे रोका जा सकता था। शासन तंत्र वहां के लोगों की मदद कर रही है यह प्रशंसनीय है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## प्रयागराज में राकेश टिकैत बोले- हम तो राम के वंशज, फिर दी आंदोलन की चेतावनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि



हम राम के वंशज हैं। भाजपा वाले तो राम नाम का धंधा कर रहे हैं और मंदिरों पर कब्जा कर रहे हैं। वह संस्था बनाकर देश भर के मंदिरों की संपत्ति हड़पने का काम कर रहे हैं। थरवई के शनि मंदिर पर कब्जे को लेकर भड़के किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रविवार की शाम माघ मेला में आ गए थे। सोमवार को बक्सर गए थे। वहां पर जिन किसानों पर लाठीचार्ज हुआ था, उनसे मुलाकात की। साथ ही वहां के प्रशासन को चेतावनी दी कि किसानों की जमीन के मुआवजे का मामला एक माह में ना सुलझा तो आंदोलन होगा। मंगलवार को मेला क्षेत्र में राकेश टिकैत फिर आ गए, उनके पास गंगापार स्थित थरवई गांव के शनि मंदिर का विवाद पहुंचा। थरवई के मंदिर पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा रहे हैं। जो व्यक्ति शनि मंदिर में वर्षों से पूजा कर रहा था, उसको हटाकर दूसरे गांव के लोगों ने मंदिर की संस्था बनाई और पुलिस प्रशासन से मिलीभगत करके वहां पर ताला लगवा दिया।राकेश टिकैत इस मामले में चक्काजाम की चेतावनी दे दी। इसकी भनक प्रशासन को लगी तो वह राकेश टिकैत को मनाने पहुंच गए। टिकैत के कैंप में इसको लेकर घंटों पंचायत चली। अफसरों के समझाने पर राकेश टिकैत ने आंदोलन वापस ले लिया। उन्होंने अफसरों से कहा कि इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करके बताए। मंदिर पर कोई कब्जा न करें। इसी दौरान उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज अयोध्या के हैं। हम रघुवंशी हैं। हमारी तो सुबह ही राम-राम से होती है। फिलहाल आंदोलन स्थगित होने पर पुलिस प्रशासन के अफसरों ने राहत की सांस ली है।



## यूजर्स परेशान, इंटरनेट स्लो और कॉल ड्रॉप की समस्या बढ़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** कई दिनों से बनारस शहरी क्षेत्र में जियो के खराब नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान हैं। अधिकतर शिकायतें सुबह व शाम इंटरनेट स्लो चलने और अन्य नेटवर्क पर काल ड्राप की हैं। इसे लेकर ग्राहक सेवा हेल्पलाइन




नंबर पर रोज हजारों शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। वहीं, जियो की ग्राहक सेवा अधिकारी का कहना है कि जियो का सेटअप बाक्स 5जी हो चुका है लेकिन अधिकतर उपभोक्ताओं का फोन 4जी है। इसी कारण समस्या आ रही है। फोन का साफ्टवेयर अपडेट नहीं कराने से भी दिक्कत आती है।प्राइवेट कंपनियों का शहर में कोई ग्राहक सेवा केंद्र नहीं है। जियो के स्टोर में सिर्फ सिम संबंधी समस्या का निदान होता है। काल ड्राप व इंटरनेट स्लो चलने की समस्या के लिए ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर 198 पर संपर्क करने को कह दिया जाता है। दुर्गाकुंड क्षेत्र के कबीर नगर से रिपोर्टर ने 198 पर काल कर ग्राहक सेवा अधिकारी विष्णु प्रिया से इंटरनेट स्लो चलने की शिकायत दर्ज कराई। दिन में बीएसएनएल के फोन नंबर पर काल ड्राप अधिक होने की जानकारी भी दी। इस पर शिकायत नंबर देकर एक हफ्ते में काल ड्राप समस्या दूर करने की बात कही गई।

# मण्डल रेल प्रबंधक संग अधिकारियों की बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे में मोहम्द लतीफ खान,रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल ने मंडल कार्यालय के भारतेंदु सभागार कक्ष में वाराणसी मंडल पर चल रही विभिन्न अमान परिवर्तन,विद्युतीकरण एवं दोहरीकरण परियोजनाओं में संरक्षा मानकों के पालन पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)ज्ञानेश त्रिपाठी, मुख्य परियोजना प्रबंधक प्रबंधक(गति शक्ति) कौशलेश सिंह,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्रीमती प्रीती वर्मा सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वाराणसी मंडल पर चल रहे सभी संरक्षा नियोजित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मोहम्द लतीफ खान ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास एवं यातायात सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ संरक्षा हेतु सेक्शनल स्पीड लिमिट के बारे में विशेष जानकारी दी। उन्होंने संरक्षा सम्बंधित सेक्शनल स्पीड बढ़ाने हेतु वाराणसी मंडल के विभिन्न व्यस्ततम रेलवे क्रासिंगों पर रेल ओवर ब्रिज बनाने एवं लो-हाईट सब-वे बनाकर क्रासिंग कम करने की कार्य योजनाओं एवं उनकी वर्तमान प्रगति में संरक्षा से सम्बंधित सावधानियां बताई गईं।वाराणसी मंडल के विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स एवं विभिन्न स्टेशन यार्डों के रिमाडलिंग माडिफिकेशन आदि कार्य पर चर्चा करते हुये सभी कार्यों को संरक्षा नियमों के तहत पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने संरक्षा को प्रभावित करने वाले कारणों में सिगनलों का अनुचित स्थान पर लगाया जाना, रास्ते के स्टेशनों पर क्रॉस मूवमेंट की अनुमति देना,स्टेशनों पर सामान्य लूप देना,सिगनलों का संयोजन व सिगनलों को ट्रैक के दाहिनी ओर लगाना बताया।उन्होंने संरक्षा को प्रभावी करने हेतु निम्नलिखित सिफारिशें की हैं। उन्होंने लेवल क्रॉसिंग गेट और स्टेशन के बीच टाइम स्टैम्प के साथ रिकॉर्डिंग टाइप पॉइंट टू पॉइंट संचार स्थापित करने,प्राइवेट नंबर एक्सचेंज रजिस्टर को रिकॉर्ड समय में संशोधित करने, रेलवे फाटकों पर कार्यरत भूतपूर्व सैनिकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने, रेलवे को सक्षम तकनीकों को अपनाने व उनका प्रसार करने तथा आने वाली ट्रेन द्वारा लेवल क्रॉसिंग पर चेतावनी बजर की सक्रिय रखने,स्टेशन मास्टर कक्ष और सुरक्षा नियंत्रण पर इंडिकेशन के साथ समपार फाटकों पर नेटवर्क वाले वीडियो कैमरे का प्रावधान करने ,फाटक खुले होने पर ट्रेन चालक को चेतावनी देने के लिए गेट (इंटरलॉकिंग) द्वारा नियंत्रित संकेतों का प्रावधान करने तथा रेलवे समपारों के उन्मूलन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मोहम्द लतीफ खान ने बैठक के दौरान रेल संरक्षा के सुदृढ़ी करण हेतु किये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत उनके उन्नयन तथा समपार लॉज में प्रसाधन की व्यवस्था, समपार फाटकों के विद्युती करण तथा समपार फाटकों को आर.यू.बी. आर.ओ.बी. के माध्यम से बन्द करने पर भी विस्तार से चर्चा की और इन पर होने वाले कार्यों को अतिशीघ्र सम्पादित किये जाने का निर्देश दिया । संरक्षा बैठक में सड़क उपरिगामी पुल, सड़क अधोगामी पुल एवं सीमित ऊँचाई के सब-वे आर.ओ. बी,आर.यू. बी.,एल.एच. एस.) के निर्माण, पुलों के पुर्न निर्माण,वाक-वे के प्रावधान सहित सिगनल एवं विद्युत सम्बन्धी होने वाली विफलताओं के बारे में विस्तार से बताया । मोहम्द लतीफ खान ने सम्बन्धित अधिकारियों को अनेक व्यवहारिक सुझाव दिये, जिससे उक्त विकास कार्यों को सुगमतापूर्वक पूरी गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जा सके। बैठक में सभी शाखा अधिकारियों ने मंडल चल रही विभिन्न परियोजनाओं के परिप्रेक्ष्य में अपनी प्रगति बताई । संरक्षा बैठक में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने कहा की मोहम्द लतीफ खान द्वारा बताए गए संरक्षा उपायों से वाराणसी मंडल एवं भारतीय रेल को काफी फायदा मिलेगा।साथ ही मोहम्द लतीफ खान द्वारा सुझाये गए सरंक्षा उपायों में क्रू मैनेजमेंट सिस्टम में लोको पायलट की रिपोर्ट का गहन अध्यन किया जाए,संरक्षा निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करते रहना चाहिए। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने बताया कि बैठक मे मुख्य रूप से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय)रवेश रंजन,वरिष्ठ मंडलपरिचालन प्रबंधक एपी0 सिंह,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा0 अभिषेक,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ऍ) एसपी0श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आपरेशन)अनिलश्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल यान्त्रिक इंजिनीयर (ष्शि्) आलोक केशरवानी,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय, सत्यम सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय,अनुज वर्मा,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, समीर पॉल समेत सभी शाखाधिकारी उपस्थित रहे।




# पिछड़ी समाज के राजनीति के रीढ़ थे शरद यादव

## आयर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** विकास खंड के हरहुआ स्थित आयर गांव में भारतीय पशुपालक संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें शरद यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा में भारतीय पशु पालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने कहा कि शरद यादव पिछड़ी समाज की राजनीति के रीढ थे। वे पिछड़ों गरीबों के सच्चे हितैषी थे। उनके संघर्ष एवं सादगी भरी जीवन स्वार्थ से परे होकर सामाजिक उत्थान के कड़ी बनी है। श्रद्धांजलि सभा में दयाराम मास्टर, ओम प्रकाश यादव, संदीप उर्फ संजय, दिनेश यादव, आरडी याद,व श्याम बली पटेल, वीरेंद्र ने विचार व्यक्त किए। संचालन सर्वेश यादव ने किये।



# सैलानियों में मायूसी रद्द की गईं बैलून की उड़ानें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**वाराणसी।** तेज हवा और कम दृष्यता की वजह से तीसरे दिन गुरुवार को हाट एयर बैलून की उड़ान रद्द करनी पड़ी। पायलटों ने काफी समय तक इंतजार के बाद आठ बजे यह निर्णय किया। एससीओ प्रतिनिधियों को बैलून से सैर करनी थी। सभी लोग समय से मौके पर पहुंच भी गए थे, लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। ऐसे में मायूस होकर उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब उन्हें कल अंतिम दिन शुक्रवार को उड़ाने की तैयारी है। पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने बताया कि विपरीत मौसम में किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता था, लिहाजा पायलटों के सुझाव पर आज के उड़ान को रद्द किया गया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आज एण्ध् प्रतिनिधिमंडल को सैर करनी थी। हाट एयर बैलून से गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन देशों के 16 प्रतिनिधियों, उनके साथ आए सात फोटोग्राफर का कार्यक्रम तय था लेकिन खराब मौसम के कारण आज का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। इससे पहले बुधवार को हाट बैलून फेस्टिवल के जरिए लोगों ने काशी के अलौकिक धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत व वैभव को सैलानियों ने सैर के दौरान आसमान से देखा। न सिर्फ मां गंगा के आंचल में हाट-बैलून देर तक उड़ान भरता रहा, बल्कि पहले दिन की ही तरह तकरीबन उसी रूट से गुब्बारे ने सैर कराई, जहां काशी-विश्वनाथ-गंगा की अलौकिक छटा पर नजरें जमी रहीं।वाराणसीः तेज हवा और कम दृष्यता की वजह से तीसरे दिन गुरुवार को हाट एयर बैलून की उड़ान रद्द करनी पड़ी। पायलटों ने काफी समय तक इंतजार के बाद आठ बजे यह निर्णय किया। एससीओ प्रतिनिधियों को बैलून से सैर करनी थी। सभी लोग समय से मौके पर पहुंच भी गए थे, लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। ऐसे में मायूस होकर उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब उन्हें कल अंतिम दिन शुक्रवार को उड़ाने की तैयारी है। पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने बताया कि विपरीत मौसम में किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता था, लिहाजा पायलटों के सुझाव पर आज के उड़ान को रद्द किया गया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आज एण्ध् प्रतिनिधिमंडल को सैर करनी थी। हाट एयर बैलून से गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन देशों के 16 प्रतिनिधियों, उनके साथ आए सात फोटोग्राफर का कार्यक्रम तय था लेकिन खराब मौसम के कारण आज का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। इससे पहले बुधवार को हाट बैलून फेस्टिवल के जरिए लोगों ने काशी के अलौकिक धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत व वैभव को सैलानियों ने सैर के दौरान आसमान से देखा। न सिर्फ मां गंगा के आंचल में हाट-बैलून देर तक उड़ान भरता रहा, बल्कि पहले दिन की ही तरह तकरीबन उसी रूट से गुब्बारे ने सैर कराई, जहां काशी-विश्वनाथ-गंगा की अलौकिक छटा पर नजरें जमी रहीं।




# फेसबुक पर हुए प्यार में शिवली से बनी रुखसाना पति को किया कॉल, फिर लगा ली फांसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** मृतका के देवर अरमान खान ने बताया की भाई शमशेर खान बीती रात पार्टी में गया हुआ था और रात्रि में 11:00 बजे मृतका ने पति को फोन किया पति के न आने पर वह अपने कमरे में चली गई। भाई अरमान खान ने बताया की भाई शमशेर के भोर में तीन बजे वापस आने पर उसने दरवाजा खोला और अपने कमरे में सोने चला गया और भोर में 4:30 पर वह अजान के लिए जागा तो देखा कि स्टोररूम व बाथरूम दोनो के रास्ते का दरवाजा बंद है। उसने दरवाजा खटखटया लेकिन अंदर से कोई आवाज न आने पर उसने परिवारवालों को उठाया और उन लोगो ने पीछे के रोशनदान से सीढ़ी लगाकर देखा तो मृतका रुखसाना उर्फ शिवली दीवार में हुक के सहारे साड़ी से फांसी लगाए हुए थी जिस पर पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बी एल डब्लू चौकी इंचार्ज अनुराग मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दे दी। चौकी इंचार्ज बी एल डब्लू अनुराग मिश्रा ने बताया कि इनका विवाह दो वर्ष पूर्व फेसबुक के जरिये हुआ था और मृतका को पांच वर्ष की लड़की अनन्या उर्फ हिना पहले पति से थी और शमशेर से डेढ़ वर्ष का पुत्र सोहेल खान है। पुलिस ने महिला के मायके वालों को सूचना दे दी है। वहीं घटनी का सभी एंगल से जांच की जा रही है।



सीधे प्रवेश

100% Placement


15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# बिना एड्रेस प्रूफ आधार में बदलें अपना पता, इन वजहों से आती हैं दिक्क्तें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** आधार कार्ड को लेकर अभी भी कई लोग नाम, पता, डेट आफ बर्थ में संशोधन कराने में परेशान हो जाते हैं, लेकिन इसमें किसी तरह की कोई परेशानी आपको नहीं होगी। आप अपने नजदीकी डाकघर में जाकर आसानी से अपना आधार कार्ड बनवा सकते हैं। नए कार्ड बनाने में एक भी रुपये नहीं लगते हैं। हालांकि, संशोधन कराने के लिए 50 रुपये और बायोमैट्रिक में फोटो और फिंगर चेंज कराने के लिए 100 रुपये का चार्ज लिया जाता है। आप भी आधार केंद्र जाकर अपनी पहचान से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज को बनवा सकते हैं। सबसे पहले अपने आधार नंबर से ळर्ध्ैंध् पोर्टल पर लाग इन करें, इसके बाद सत्यापनकर्ता (वेरीफिकेशन) का आधार नंबर दर्ज करें। वेरीफिकेशन को एक ैंत्र नंबर मिलेगा। साथ ही ैंत्र प्राप्त होने के बाद लिंक खोलें। अब आधार संख्या से लागिन करें और अपनी सहमति दें। साथ ही एसआरएन से लागिन करें और पते की जांच करें। अब स्थानीय भाषा भरें और अपना अनुरोध सबमिट करें। ऐसा करने के बाद, डाक के जरिए एक सीक्रेट कोड मिलेगा। अब आखिर में आधार कार्ड एड्रेस चेंज पोर्टल पर लाग इन करें और उस सीक्रेट कोड को डालें जो आपको डाक के जरिए मिला है। यहां नए पते की जांच करें। ध्यान रखें कि आधार कार्ड का पता जांच के लिए यूआरएन को हमेशा याद रखें। आधार कार्ड में एड्रेस नहीं बदलने पर कब दिक्कतें आती हैं, इसे समझना भी जरूरी है। एड्रेस को लेकर तब समस्या आती है जब आप एक से दूसरे स्थान पर जाते हैं, या फिर आधार कार्ड में दर्ज पते में किसी तरह की त्रुटि हो। कई बार पते में पिनकोड भी गलत लिख जाता है। इसके अलावा जब कोई बच्चा 15 वर्ष का हो जाए तो भी आधार कार्ड को अपडेट करवा लेना चाहिए। यदि आधार कार्ड 10 साल से अधिक समय पहले बने हैं तो अपने आधार कार्ड को अपडेट करवा लें। आधार कार्ड को आधार सेवा केंद्र पर जाकर अपडेट किया जा सकता है। इसके अलावा आधार कार्ड को आनलाइन भी अपडेट कयिा जा सकता है। इसके लिए आधार कार्ड धारक का स्थायी पता और आइडी प्रमाण जमा करके आधार कार्ड को अपडेट किया जा सकता है।



# अगोरी खास व महलपुर में हो रहे अवैध खनन के विरोध में जन अधिकार पार्टी ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावर्ट्सगंज सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरी खास व महलपुर में हो रहे अवैध खनन से संबंधित शिकायती पत्र जन अधिकार पार्टी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को भेजा ।जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि जनपद सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरी खास व महालपुर में संचालित बालू साइडों पर पट्टा धारकों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल से काफी आगे बढ़कर बालू का खनन मनमाने ढंग से किया जा रहा है । श्री मौर्य ने कहा कि न्यू इंडिया मिनरल्स द्वारा अपने क्षेत्र से हटकर उत्तर एवं पूर्व दिशा में स्थित ग्राम करगरा में सोन नदी वन भूमि में बेखौफ अवैध खनन किया जा रहा है । खनन कर्ताओं द्वारा नदी की जलधारा को बांधकर एवं पूल बनाकर लिफ्टिंग मशीनों द्वारा व पोकलेन मशीनों द्वारा बालू का खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है , जबकि एनजीटी एवं सरकार का आदेश है कि बालू खनन के लिए किसी भी दशा में नदी की जलधारा को मोड़ा / प्रभावीत नहीं किया जा सकता एवं लिफ्टिंग मशीन व पोकलैन मशीन का भी प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है । इसके बावजूद भी बालू खनन कर्ताओं द्वारा नदी की जलधारा को बांधकर लिफ्टिंग मशीन एवं पोकलैन मशीनो के द्वारा बालू खनन का कार्य किया जा रहा है जिससे नदी के मूल स्वरूप व अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रतिदिन असंख्य जलीय जीव जंतुओं का जीवन समाप्त हो रहा है जो पर्यावरण के लिए खतरा है , जिसका असर सीधे मानव जीवन पर भी पड़ेगा इस संबंध में जन अधिकार पार्टी निम्नलिखित मांग की है ।01. बालू लीज / पट्टा धारकों द्वारा लीज एरिया से बढ़कर बालू का खनन किया जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाया जाए । 02. बालू का खनन व ट्रकों पर लोडिंग मशीनो द्वारा कराया जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाते हुए मजदूरों द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए ।03. बालू खनन के लिए नदी की जलधारा को मोड़ा / प्रभावित नही किया सकता इसके बावजूद नदी की जलधारा को मोड़कर एवं पूल बनाकर मशीनों द्वारा बालू निकाला जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाया जाए । 04. बालू लीज स्थल पर रेट बोर्ड लगाया जाए । 05. बालू लीज स्थल के प्रत्येक कोने पर लीज होल्डर का बोर्ड लगाया जाए , जिस पर लीज होल्डर का पूरा नाम , पता व मोबाइल नंबर तथा रखवा लिखा जाए । इस सम्बंध में पूर्व में जिला खनन अधिकारी को शिकायती पत्र दिया जा चुका है परंतु किसी प्रकार की कार्यवाही नही किया जाना यह दर्शाता है कि अवैध खनन में जिला खनन ( क्वैरी ) अधिकारी की कही न कही सनलिप्पता जरूर है ।

# वरिष्ठ सहायक के साथ मारपीट करने वाले व्यक्ति कि अभी तक गिरफ्तारी न होने के कारण आज कर्मचारीयो ने कार्य का बहिष्कार किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** बड सकती परिवहन कार्यालय सोनभद्र में दिनांक 10.01.2023 को कार्यालय में कार्यरत विनोद कुमार सोनभद्र (वरिष्ठ सहायक ) सोनभद्र के साथ एक बाहरी व्यक्ति रमाशंकर यादव द्वारा मारपीट की गयी घटना के के क्रम में आज दिनांक 16.01.2023 को सहायक सम्भगीय परिवहन कार्यालय सोनभद्र में पूर्ण रूपेण कार्य बहिष्कार किया गया । वस्तुस्थिति से सम्भागीय परिवहन अधिकारी मीरजापुर को भी अवगत कराया गया, मण्डल व जिला प्रशासन के की अध्यक्षता में सभा की गयी जिसमें मुख्य रूप से राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर्मचारी महासंघ अवनीश कुमार दूबे अध्यक्ष विकाश भवन कर्मचारी संघ, विरेन्द्र कुमार, उत्तर प्रदेश कर्मचारी महासंघ, ई0प्रवीण कुमार मिश्र, जिलाउपाध्यक्ष राज्य कमर्चारी संघ




बाद विनोद कुमार सोनकर द्वारा कोतवाली राबर्ट्सगंज में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। अगले दिन इस कार्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों द्वारा सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया था कि यदि 72 घण्टे के अन्दर अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुयी तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होगें, जिसकी सूचना स्थानीय प्रशासन एवं विभागीय उच्चाधिकारियों को भी दी गयी थी। आज दिनांक-16.01.2023 को 05 दिन बीतने के उपरान्त भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुयी वार्ता उच्चाधिकारियों द्वारा प्रकरण में सकारात्मक पहल व इस आशय का आश्वासन दिया गया कि नामजद अभियुक्त को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। मीरजापुर में तैनात पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लव कुमार सिंह एवं प्रान्तीय महा सचिव आशुतोष तिवारी से वार्ता के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि कार्य बहिष्कार एक सप्ताह के लिए स्थगित किया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अन्दर अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होती है तो दिनांक- 23.01.2023 से प्रदेश के समस्त परिवहन कार्यालय में कार्य बहिष्कार किया जायेगा। संजय कुमार सिंह ( प्रदेश अध्यक्ष) संयुक्त परिषद, मो0सलाउद्दीन, जिला मंत्री राज्य कमर्चारी संयुक्त परिषद, विकाश प्रताप, जिला मंत्री सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ - वाराणसी, रामकुंवर खरवार, हरिशचन्द्र प्रसाद, श्रीमती गुणवती देवी, विनोद कुमार सोनकर, रामसूरत आदि उपस्थित रहे, जनपद सोनभद्र के समस्त कर्मचारी संगठन / घटक के पदाधिकारियों द्वारा इस आन्दोलन को पूर्ण रूप से समर्थन दिया गया, साथ ही यह भी आस्वस्त किया गया कि अभियुक्त की यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो दिनांक- 23.01.2023 से परिवहन कार्यालय में किये जा रहे कार्य बहिष्कार के समर्थन में जनपद के सभी कार्यालयों में भी कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूमिका महत्वपूर्ण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा /सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुसागर का 42वां वार्षिकोत्सव हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न प्रेक्षागृह में, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुसागर का 42वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष के. पी. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यादव ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही उन्होंने परिश्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतम सफलता प्राप्ति के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक व रेणुसागर के एचआर-हेड शैलेश विक्रम सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों से बच्चों में व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ आत्मबल भी बढ़ता है। दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या बिद्या चैटर्जी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं विद्यालय की आगामी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत में प्रस्तुत नटराज वंदना ने सभी दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम एक सुनहरे कल की ओर विषय पर आधारित था जिसके अंतर्गत भारत-पाक विभाजन की विभीषिका से संबंधित नृत्य-नाटिका दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इसके अंतर्गत प्रस्तुत छाया-नृत्य, तू दिखे ना, मुर्शिद खेले होली, गजानन-गणपति, जाग उठी उषा आदि मधुर सूफी गीतों पर प्रस्तुत नृत्य ने सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर विभा सिंह, संजय कुमार, गुलशन तिवारी, सुदीप्तो नायक, परेश ढोले, हितेन्द्र झा, आरके सैनी, आरसी पाण्डेय सहित भारी संख्या में गणमान्य अतिथि एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रचना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लगभग 200



छात्र-छात्राओं की सामूहिक भागीदारी रही। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ एके द्विवेदी के अनुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# विन्ध्य कन्या पी0जी0 कालेज रॉबर्ट्र्सगंज मे सीओ सिटी के द्वारा सड़क सुरक्षा के पालन हेतु छात्राओं को दिलाई शपथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** क्षेत्राधिकारी नगर श्री राहुल पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा माह एवं नारी सशक्तिकरण के दृष्टिगत थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत विन्ध्य कन्या पी0जी0 गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि बिना सीट बेल्ट/ हेलमेट लगाये वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें, नो पॉर्किंग में वाहन खड़ी न करें, नशा कर वाहन न



कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में कार्यक्रम किया गया आयोजन । उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित सभी छात्राओं को सड़क सुरक्षा के बारे मे प्रोत्साहित एवं जागरूक किया तत्पश्चात उपस्थित लोगों से अपील करते हुये उनको यातायात नियमों के बारे में जागरूक कर यातायात नियमो के पालन करने हेतु शपथ दिलायी चलाये, सड़क नियमों का पालन करनें इत्यादि के बारे में भी जागरूक किया गया । तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी यातायात द्वारा हरी झण्डी दिखाकर स्कूटी रैली निकाली गयी । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात, प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज व अन्य अधिकारीगण/ एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# शिवद्वार में हुआ सविधि ध्वजपूजन और हुई धर्मध्वजा स्थापना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** विंध्यमण्डल में शैवसाधना के प्रधानकेंद्र शिवद्वार में सोमवार को मन्दिर प्रशाल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन सम्पन्न हुआ।भिखारी बाबा की अगुवाई में धर्मध्वज स्थापना के बाद 24 फरवरी से आरम्भ होगा विराट रुद्र महायज्ञ। आचार्य पं0 शिवानंद मिश्र शास्त्री , पं0 रामजी त्रिपाठी, आचार्य राजेश कुमार तिवारी व दीपक कुमार द्वारा मुखरित मन्त्रो बीच पूजन किया यजमान रूप में डॉ0 परमेश्वर दयाल ठपुष्करठ ने पूरे विधिविधान से। इनके साथ रहे हीरालाल व रामपति भी। मंदिर में पूजनोपरांत यज्ञशाला के समीप रखे ध्वज के लिए प्रयुक्तस्तम्भ बाँस की पूजा पीपल तले सम्पन्न हुई। इसके पश्चात स्तम्भ में शिखर पर ध्वज लगाया गया और यज्ञशाला द्वार के पार्श्व भाग में उत्तरदिशा पर बाकायदा धर्मध्वज स्थापित किया गया और स्तम्भ से सवा फीट चतुर्दिक मिट्टी बिछा कर जौ के बीज डाल जल छिड़काव कर उसपर कलश रखा गया जिसकी पूजा मन्दिर प्रशाल में हुई रही और मंदिर में पूजित ध्वज 51 फीट लम्बे बाँस स्तम्भ के शिखर पर लगा स्तम्भ खड़ा करने का उपक्रम चला। इस प्रकार शिवद्वार मन्दिर के इतिहास में पहली बार धर्मध्वजा लहराई जो स्वयं में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है।बताते चलें कि इसके पहले मन्दिर गर्भगृह में अखण्ड दीप प्रज्वलित की गई बीते सावन की पूर्वसंध्या - गुरुपूर्णिमा की शाम में, जो स्वयंमेव ऐतिहासिक रहा अबतक की समयावधि में।



# साढ़े दश वर्ष पूर्व गोपाल हत्याकांड के दोषी दम्पती को उम्रकैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावट्र्सगंज सोनभद्र।** 23-23 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए गोपाल गुप्ता हत्याकांड का मामला सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए गोपाल गुप्ता हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी दम्पती अमरेश गुप्ता व बबली उर्फ अर्चना को उम्रकैद एवं 23-23 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के करगरा गांव की मालती देवी पत्नी स्वर्गीय गोपाल गुप्ता ने 29 फरवरी 2012 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके गांव के अमरेश गुप्ता, उसकी मां अतवारी देवी व पत्नी बबली उर्फ अर्चना खपरैल बंटवारे की बात कर रहे थे तभी उसके पति गोपाल गुप्ता ने कहा कि तुम लोग कौन होते हो बंटवारा करने वाले। इतना सुनते ही तीनों ने कहा कि तुम कौन होते हो हमारे बीच में बोलने वाले। इसके बाद बगल में रखी कुल्हाड़ी लेकर अमरेश गुप्ता, मां अतवारी देवी व पत्नी बबली उर्फ अर्चना लाठी डंडा लेकर उसके पति को दौड़ा लिया और तीनों घेरकर उसके पति की बेरहमी से पिटाई करने लगे। तथा यह कहते हुए कि आज इसकी हत्या करनी है। जब तक पति की



मौत नहीं हो गई तब तक तीनों मारते पीटते रहे। वह और उसकी सास बचाने के लिए दौड़ी तो उन्हें भी मारापीटा। जिससे उन्हें भी चोटें आई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था। पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विवेचक ने न्यायालय में अमरेश गुप्ता व बबली उर्फ अर्चना के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों अमरेश गुप्ता व बबली उर्फ अर्चना को उम्रकैद एवं 23-23 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने बहस की।

# शराब के नशे मे बोतल से मारकर पत्नी कि हत्या करने वाले पति की हुई गिरफ्तारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**जुगैल पर सूचना प्राप्त हुई की थाना जुगैल क्षेत्रान्तर्गत दिनांक-14.01.2023 को शाम लगभग 07.00 बजे रामदयाल गौड़ पुत्र दलसिंगार गौड़ उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी जुगैल टोला गरदा, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र द्वारा शराब के नशे में अपनी पत्नी बटुली देवी उम्र लगभग 27 वर्ष से खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ जिसपर पति रामदयाल गौड़ द्वारा अपनी पत्नी बटुली देवी को बोतल से मारकर हत्या कर दी गयी है । उपरोक्त घटना के क्रम में थाना जुगैल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-03/2023 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में थाना जुगैल पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी पति रामदयाल गौड़ पुत्र दलसिंगार गौड़ उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी जुगैल टोला गर्दा, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का विवरण-** 1- रामदयाल गौड़ पुत्र दलसिंगार गौड़ उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी जुगैल टोला गर्दा, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र ।

# एनटीपीसी सिंगरौली में मकर सक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव का आयोजन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आवासीय परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पतंग महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक द्वारा किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मचारियों, बच्चों एवं परिवार जन द्वारा रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाईं गयी एवं पतंग उड़ाने की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्यों को पतंग महोत्सव के सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई। उन्होंने पोंगल एवं मकरसक्रांति के सुअवसर पर भी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की एवं सभी के जीवन में खुशियां, सफलता एवं समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर सपोर्ट काउंसिल के सभी सदस्य, एनटीपीसी के वरिष्ठ कर्मचारीगण, परिवार जन एवं बच्चें उपस्थित रहे। इस पतंग महोत्सव का आयोजन श्री निशांत गर्ग, अध्यक्ष, खेल परिषद एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

# बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर का स्वर्ण जयंती चौराहे पर पुतला दहन करते हुए विरोध जताया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शिक्षा मन्त्री चन्द्रशेखर ने श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ के अपमानित शब्दो का प्रयोग किया था बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के द्वारा सनातनियों के पुज्यनीय ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के द्वारा पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया गया। स्वर्ण जयंती चौराहे पर बिहार के शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया। बताते चलें कि बिहार के शिक्षा मंत्री ने श्रीरामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी (श्रीरामचरितमानस को नफरत



अपशब्द कहे जाने को लेकर आज विरोध जताते हुए पैदल मार्च कर के विरोध जता गया राष्ट्रवादी युवा वाहिनी सोनभद्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में फैलाने वाला ग्रंथ बोलना) की थी। सुदर्शन न्यूज़ के प्रधान संपादक सुरेश चौहाणके के समर्थन में नारे लगाए गए। सुदर्शन न्यूज़ के संपादक सुरेश चौहाणके जी के द्वारा हिन्दू हृदय सम्राट शिवाजी महाराज के द्वारा ली गई हिंदू राष्ट्र के शपथ को दुहराने पर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। कुचक्र रचते हुए सनातनी विरोधियों द्वारा उनको फसाने की कोशिश की जा रही है ताकि सनातन धर्म के पुरजोर आवाज उठाने वाले सुरेश चौहान के को आवाज दवाई जा सके। न्यायपालिका को भ्रमित करके सुरेश चौहान के जी को जेल भेजने के लिए कोशिश की जा रही है। इन दोनों विषयों पर राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के द्वारा सुदर्शन न्यूज़ के मुख्य संपादक सुरेश चौहान के जी का पुरजोर समर्थन किया गया। इस मौके पर गुप्तकाशी के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे ने कहा कि देश का एक मात्र न्यूज़ चैनल सुदर्शन न्यूज़ है जो बिंदास तरीके से साथियों की आवाज उठाता है। सभी सनातनी सुदर्शन न्यूज़ के इस मुहिम के साथ हैं। हिंदुस्तान में हिंदू राष्ट्र की शपथ लेना कोई अपराध नहीं है। और सभी सनातनी हिंदू हृदय सम्राट शिवाजी महाराज के शपथ को दुहराते हैं और रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के संगठन महामंत्री ज्वाला शंकर चतुर्वेदी थे। इस मौके पर पिंटू सिंह पटेल जय प्रकाश चौबे शुभम पांडे शुभम केसरी सूरजपाल राजा पांडे उत्कर्ष पांडे व अन्य लोग मौजूद थे।

# डाला नगर पंचायत में नाली बना भ्रष्टाचार का भेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** नगर पंचायत डाला बाजार स्थित जेई अरविंद सिंह के देख रेख में जो भी कार्य कराए गए या कराए जा रहे है। वह सभी मानक के विपरीत है। 7 माह पूर्व बनी नाली भ्रस्टाचार की भेंट चढ़



गया। नगर पंचायत डाला बाजार अंतर्गत यादहुसैन के घर से नाला तक कवर्ड नाली का निर्माण होना था । जिसकी लंबाई लगभग 200 मीटर है। वही 100 मीटर के करीब निर्माण कर अधूरा छोड़ते हुए भुगतान करा लिया गया। देखा जाय तो जिस नाली ढक्कन को 4 इंच मोटा बनवाना था वही कही 2 इंच तक कवर्ड ढक्कन की ढलाई करते हुए खानापूर्ति कर दी गयी। ना ही जिम्मेदार कभी साइड की जांच किये और नाही कभी देखने आए। वैसे में ठेकेदारों मनमानी कर चलते बने। वही रामजनम के घर से विश्वनाथ के घर तक रबर गोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण होना था जो विश्वनाथ के घर के तरफ निर्माण न कराकर दूसरी तरफ निर्माण करा दिया गया। जिम्मेदार बताते है कि हम सभी को अधिकार हैं। नाली की मानक के सम्बंध में जेई अरविंद सिंह से पूछा गया तो पता चला कि नाली का ढक्कन 4 इंच मोटा बनाना हैं । लेकिन बना मात्र 2 इंच मोटा ।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच बुधवार से शुरू होगी सीरीज, यहां जानें टी20 और वनडे सीरीज का पूरा कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे और टी-20 सीरीज इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद टी20 सीरीज खेला जाएगा। जिसका पहला मैच 27 जनवरी को रांची में होगा, इसके बाद दूसरा मुकाबला अलावा अक्षर पटेल भी न्यूजीलैंड के खाफ वनडे और टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगे।बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम में एक बार फिर से ह्रादकि पांड्यो को



खेलनी है, जिसकी मेजबानी भी भारत करेगा। बता दें कि इस सीरीज के लिए भारतीय टीम और न्यूजीलैंड टीम की स्क्वॉड का ऐलान हो चुका है। ऐसे में आइये इस आर्टिकल के जरिए जानते है दोनों टीम के बीच खेले जाने वाले टी-20 और वनडे शेड्यूल के बारे में विस्तार से।दरअसल, भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से जीतकर श्रीलंका का सूपड़ा साफ किया। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 15 जनवरी को खेला जाना है। वहीं इस सीरीज के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। सबसे पहले वनडे सीरीज का आगाज होगा, जिसका पहला मैच 18 जनवरी को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। वहीं दूसरा मुकाबला 21 जनवरी को रायपुर में होगा। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 24 जनवरी को 29 जनवरी को लखनऊ में होगा। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच एक फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी वनडे मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक, दोपहर दो बजे से शुरू होंगे, वहीं टी20 मैचों का समय शाम को 7 बजे का रहेगा। न्यूजीलैंड दौरे का भारत में सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। साथ ही बता दें टी-20 और वनडे मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग और वेबसाइट पर की जाएगी। भारतीय टीम की वनडे टीम में केएस भरत को मिला मौका बता दें कि न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम वैसी ही है जैसी श्रीलंका सीरीज के लिए थी। टीम में पहली बार विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत की एंट्री हुई है। ऋषभ पंत के बाहर होने के चलते इस खिलाड़ी को वनडे टीम में मौका मिला है। वहीं केएल रहुल भी अपनी शादी के चलते इस सीरीज से बाहर रहेंगे। इसके कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को टी-20 टीम में शामिल नहीं किया है। इसके अलावा युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी का मौका मिला है। वहीं विकेटकीपर जितेश शर्मा को भी टी-20 टीम में चुना गया है। भारतीय वनडे टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक न्यूजीलैंड वनडे टीमः टॉम लाथम (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, डग ब्रेसवेल, एडम मिल्ने, डैरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, एच शिप्ली।

# मीडिया राइट्स वॉयकॉम-18 ने खरीदा, जय शाह को दी शुभकामनाएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत में होने वाले पहले वुमेंस आईपीएल का मीडिया राइडट्स ने खरीदा है। इस बात की जानकारी साझा करते हुए बीसीसीआई सचिव ने जानकारी जीतने के लिए शुभकामनाएं। आपने बीसीसीआई और बीसीसीआई वुमेन के ऊपर जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए धन्यवाद। उन्होंने साथ ही लिखा है कि ह्रेम्दस18 ने 951 करोड़ में यह अधिकार खरीदा है,



दी कि यह महिला क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। आपको बता दें कि ह्रेम्दस18 ने यह अधिकार 951 करोड़ की बड़ी राशि में खरीदा है। जय शाह ने ट्वीट कर लिखा ठवॉयकॉम 18 को महिला आईपीएल का मीडिया राइट्स जिसका मतलब है कि प्रति मैच की वैल्यू 7.09 करोड़ रुपये होगी। यह अधिकार अगले 5 सालों 2023-2027 के लिए है। उन्होंने महिला क्रिकेट के लिए इसे शानदार बताया।इतना ही नहीं जय शाह ने इसके अलावा एक और ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने भारत में महिला क्रिकेट की दिशा में उठाए गए बड़े कदम पे-इक्विटी का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि पे- इक्विटी के बाद यह महिला क्रिकेट के सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम है, जिससे हर उम्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। वाकई महिला क्रिकेट के लिए एक नया सवेरा। आपको बता दें कि 3 जनवरी को बीसीसीआई ने इसके लिए टेंडर जारी किया था। यह बीसीसीआई का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। वुमेन आईपीएल के पहले सीजन में 5 फ्रैंचाइजी टीम होगी। पिछले साल बीसीसीआई की गवर्निंग काउंसिल मीटिंग के दौरान वुमेन आईपीएल को हरी झंडी मिली थी। हालांकि, अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि यह मार्च में खेला जा सकता है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए श्रेयस अय्यर, इस बल्लेबाज को किया गया शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैच की वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। मीडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस



अय्यर बैक इंजरी के कारण इस वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें नेशनल क्रिकेट एकेडमी भेज दिया गया है, जहां उनकी देखरेख की जाएगी। बीसीसीआई ने जानकारी देते हुए कहा कि श्रेयस अय्यर, न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर गए हैं और उनके स्थान पर रजत पाटीदार को शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच बुधवार को राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम हैदराबाद में खेला जाएगा।2022 में क्रिकेट के ऑल फॉर्मेट में सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी रहे अय्यर, श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में भले ही कोई बड़ी पारी न खेल पाए हो, लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने 3 मैच में 31.33 की औसत से 94 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का अपडेटेड स्क्वॉड रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रजत पाटीदार, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मो. शमी, मो. सिराज, उमरान मलिक।

# यंगस्टर वाली हरकत नहीं करनी' टेस्ट में पहली बार शामिल होने पर बोले-ईशान किशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वनडे क्रिकेट में कोई कितना भी अच्छा क्यों न कर ले, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह टेस्ट क्रिकेट



में देश का प्रतिनिधित्व करे। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे मैच में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाले ईशान किशन की लाइफ में भी वो घड़ी आई, जब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया गया। ईशान किशन का नाम पहली बार इस स्क्वॉड में शामिल था। हालांकि, उनके अलावा केएस भरत भी इस स्क्वॉड में शामिल थे। टेस्ट टीम में पहली बार शामिल होने पर ईशान किशन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि डैड भी कहते थे कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट होता है और मैं पहली बार टेस्ट स्क्वॉड में शामिल होने से बेहद खुश हूं। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनसे बात की है शुभमन गिल। गिल ने जब ईशान किशन से उनके घरवालों के रिएक्शन के बारे में पूछा तो किशन ने बताया कि उन्होंने ही घरवालों को इसकी खुशखबरी दी थी।

# मैच की टाइमिंग में हो बदलाव, रविचंद्रन अश्विन ने दी सलाह, कारण भी बताया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 भारत की मेजबानी में होने वाला है। उम्मीद है कि टीम इंडिया इस बार अपने वर्ल्ड कप जीतने के 11 साल के सूखे को खत्म करना चाहेगी। बतौर मेजबान टीम उसके पास अपने कंडिशन में डॉमिनेट करने बजे शुरू होता है और इसका टॉस दोपहर 1 बजे होता है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा ठमेरी सलाह या यूं कहें मेरी राय है कि वर्ल्ड कप के लिए हमें मैदान और समय को लेकर सोचना चाहिए। वर्ल्ड कप के दौरान मैच 11.30 बजे क्यों नहीं शुरू के कारण दोनों टीम की क्वालिटी गैप में कमी नजर आई। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप मैच 11.30 बजे शुरू होना चाहिए और जहां तक फैंस की बात है वह तब भी मैच देखेंगे। आपको बता दें कि टीवी व्यूवर्स को देखते हुए मैच की टाइमिंग 1.30 बजे रखी जाती है, लेकिन



का सुनहरा मौका है, लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के स्पिन गेंदबाद रविचंद्रन अश्विन ने एक चिंता व्यक्त की है। दरअसल रविचंद्रन अश्विन मैच की टाइमिंग को लेकर परेशान हैं और इसमें बदलाव चाहते हैं। अश्विन ने दी मैच टाइमिंग बदलने की सलाह रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वर्ल्ड कप के दौरान डे-नाईट मैच को वक्त से कुछ घंटे पहले शुरू किया जा सकता है। फिलहाल भारत में वनडे मैच दोपहर 1.30 करना चाहिए?ठअश्विन ने इसके लिए भारत और श्रीलंका के बीच हुए गुवाहाटी वनडे का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया ने उस मैच में 374 रन का पीछा करते हुए एक वक्त 206 रन पर 8 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन फिर शानदार वापसी की। उन्होंने कहा ठभारत ने गुवाहाटी के स्लो पिच पर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन ओस के कारण जीत और हार का अंतर कम रह गया। केवल ओस अश्विन का मानना है कि इससे फैंस को फर्क नहीं पड़ेग उन्होंने कहा ठआईसीसी ड्यू फैक्टर के बारे में जानती है। इसलिए अच्छा है कि मैच पहले शुरू किया जाए, जिससे मैच पर ओस का किसी तरह से भी कोई प्रभाव न रहे।ठअब अश्विन की यह सलाह कितना उपयोगी है और इसके बारे में आईसीसी क्या सोचती है, ये तो वक्त बताएगा, लेकिन इतना तो तय है कि अगर ऐसा होता है तो दोनों टीम के लिए अच्छा रहेगा।

# ईशान और सूर्या की हो सकती है वापसी, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का प्लेइंग इलेवन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया का कारवां हैदराबाद पहुंच चुका है, जहां न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैच की वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाना है। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज जीतने वाली टीम इंडिय की नजर आईसीसी रैंकिंग में नंबर वन की कुर्सी पर है और यदि वह श्रीलंका की सफलता को न्यूजीलैंड के खिलाफ भी दोहरा पाती है तो टी20 की तरह वनडे में भी वह नंबर वन टीम बन सकती है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में प्लेइंग इलेवन से बाहर रहे सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ मौका मिलना



तय है। जहां इस सीरीज में केएल राहुल के न होने से ईशान किशन को जबकि श्रेयस अय्यर के न खेलने से सूर्यकुमार यादव को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। दओपनिंग जोड़ी- ओपनिंग जोड़ी में रोहित शर्मा और शुभमन गिल ही पारी की शुरुआत करेंगे। ईशान किशन ने ओपनिंग करते हुए ही दोहरा शतक लगाया था। इसके बावजूद शुभमन गिल को तरजीह दी जा सकती है।मीडिल ऑर्डर- पिछले 4 मैच में 3 शतक लगा चुके विराट कोहली 3 नंबर पर जबकि एक बार फिर 4 नंबर पर सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करते हुए नजर आ सकते हैं। 5 नंबर पर पहली बार ईशान किशन उतर सकते हैं। ऑलराउंडर- ऑलराउंडर की बात करें तो हार्दिक पांड्या के अलावा वाशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है। गेंदबाजी में भारत- भारत इस मैच में 3 पेसर और एक फुलटाइम स्पिन गेंदबाज के साथ उतर सकता है। मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है और उनके स्थान पर शार्दूल ठाकुर को मौका मिल सकता है। इसके अलावा मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक भी प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में कामयाब रहेंगे। स्पिन गेंदबाजी में युजवेंद्र के स्थान पर कुलदीप को मौका मिल सकता है, जिसने श्रीलंका के खिलाफ गेंदबाजी से प्रभावित किया था।रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, उमरान मलिक।



# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।


**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# के लिए खास है न्यूजीलैंड सीरीज तोड़ सकते हैं सहवाग और रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में अपने वनडे करियर का 46वां शतक जड़कर हर किसी को प्रभावित किया। किंग कोहली से अब हर फैंस को उम्मीद है कि वो न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी तूफानी प्रदर्शन करते नजर आएंगे। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं उन रिकॉर्ड के बारे में जो कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में तोड़ सकते है।दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को 18 जनवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ सकते है।बता दें कि कोहली का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ काफी शानदार रहा है। किंग कोहली ने कीवियों के खिलाफ वनडे में पांच शतक जड़े हैं, वे ब्लैककैप्स के खिलाफ सर्वाधिक शतकों के रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब है। बता दें कि विराट कोहली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 25,000 रन पूरे करने के बेहद करीब है।

# 'मुझे वीरेंद्र सहवाग जैसी आजादी नहीं मिली अगर ऐसा होता तो' भारतीय टीम से बाहर चल रहे ओपनर ने किया दावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग ने दुनिया में टेस्ट ओपनर्स की छवि को बदलकर रख दिया। सहवाग ने वनडे में तो सफलता हासिल की ही थी, लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से टेस्ट क्रिकेट की बंदिशों को चकनाचूर कर दिया। उनके टेस्ट में आंकड़ें वनडे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से बेहतर रहे। सहवाग अपने फुटवर्क के लिए नहीं जाने जाते थे। अपने हैंड-आई कॉर्डिनेशन के दम पर अगर आप 10 हजार से ज्यादा रन बना लें, जिसमें दो तिहरे शतक और छह दोहरे शतक शामिल हो तो



किसको चिंता होगी सहवाग के संन्यास के बाद भारत ने ओपनिंग पर कई लोगों को आजमाया, लेकिन कोई उनके जैसी सफलता को नहीं दोहरा पाया। सहवाग-गंभीर के बाद भारतीय टीम अब भी टेस्ट क्रिकेट में अच्छी ओपनिंग जोड़ी की तलाश में है। शिखर धवन और मुरली विजय इनके कुछ करीब पहुंचे थे। दोनों ने 2013 से 2018 के बीच 1500 से ज्यादा रन बनाए, जिसमें दो शतकीय और पांच अर्धशतकीय साझेदारियां शामिल हैं। इसमें सर्वश्रेष्ठ साझेदारी 289 रन की थी। हालांकि, धवन और विजय का करियर 2018 में समाप्त हुआ। इन दोनों में से विजय का भाग्य ज्यादा चमकीला रहा कि उन्हें सहवाग के साथ ओपनिंग करने का मौका मिला था।38 साल के विजय ने खुलासा किया कि सहवाग के साथ बल्लेबाजी करने के क्या मायने थे और ध्यान दिलाया कि अगर उन्हें वीरू जैसा समर्थन मिलता तो उनका करियर अलग स्तर पर होता। विजय ने डब्ल्यूवी रमन के साथ स्पोर्ट्स्टार के लिए बातचीत करते हुए कहा, 'ईमानदारी की बात है कि मुझे वीरेंद्र सहवाग जैसी आजादी नहीं मिली। सहवाग को अपनी जिंदगी में जो कुछ भी मिला, वो मुझे नहीं मिला।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर मुझे सहवाग जैसा समर्थन मिलता और खुलकर मेरे साथ बातचीत की जाती, तो मैं भी आक्रामक होकर खेलने की कोशिश करता। ईमानदार बात यह है कि टीम का आपको कितना समर्थन प्राप्त है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आप कितना योगदान दे सकते हैं। यह उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा है और आपको अलग से कुछ करने के ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं। आपको निरंतर रहना होता है और आपको टीम की मांग के हिसाब से खुद को ढालना होता है।मुरली विजय ने आगे कहा, 'जब सहवाग वहां थे, तो मुझे लगा कि अपने इरादों को नियंत्रित करना होगा। तब खेलना कठिन था, लेकिन जिस आजादी के साथ वो खेलते थे, वो शानदार था।' विजय ने स्वीकार किया कि वो सहवाग की बल्लेबाजी के दीवाने थे। सचिन तेंदुलकर और गौतम गंभीर को छोड़ दिया जाए तो कम ही लोग थे, जिन्हें दूसरे छोर से सहवाग की बल्लेबाजी देखने को मिलती थी। विजय उनमें से एक थे, जिसे दूसरे छोर पर खड़े होकर सहवाग को अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में खेलते हुए देखने का मौका मिला। विजय ने कहा, 'सिर्फ सहवाग ही ऐसा कर सकते थे। मेरे ख्याल से कोई और सहवाग की तरह नहीं खेल सकता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए जो किया, वो शानदार है। वो कुछ और ही थे, जिन्हें मैंने सामने से खेलते हुए देखा। मुझे उनसे बातचीत करने का मौका मिला। वो बहुत साधारण बातचीत करते थे। उनका मंत्र आसान था- गेंद को देखो और मारो। वो इस मोड में थे कि 145-150 किमी प्रति घंटे की गति से गेंद डालने वाले गेंदबाजों के खिलाफ गाने गाते हुए खेलते थे। आपको कुछ और ही अनुभव करने का मौका मिला। यह आम नहीं था।

## सम्पादकीय

### आबादी का स्वरूप बिगाड़ती घुसपैठ, राज्यों के सहयोग के बिना इसपर नियंत्रण पाना असंभव

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कोलकाता में राष्ट्रीय गंगा परिषद की दूसरी बैठक हुई। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय गंगा परिषद के अध्यक्ष हैं तो बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रतिनिधि इसके सदस्य होते हैं। इन राज्यों के मुख्यमंत्री ही इसकी बैठक में हिस्सा लेते हैं। बैठक में अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री तो मौजूद रहे, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं भाग न लेकर अपनी जगह उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भेजा। इसी तरह का एक और वाकया देखिए। कुछ समय पहले कोलकाता में ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा पर 'पूर्वी क्षेत्रीय विकास परिषद' की एक बैठक हुई। इसमें सीमा पार यानी बांग्लादेश से हो रही घुसपैठ और तस्करी आदि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री के अलावा बंगाल और झारखंड के मुख्यमंत्री तो शामिल हुए, पर ओडिशा और बिहार के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। जबकि बिहार इन दिनों जिहादी आतंकवाद की शरणस्थली बना हुआ है। देश को पांच क्षेत्रों-उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिम और दक्षिण में विभाजित किया गया है। दरअसल अंग्रेजी शासन के तहत बिहार, बंगाल, ओडिशा और झारखंड एक ही प्रांत थे। इसे ही 'पूर्वी भारत' भी कहा जाता है। चारों प्रांतों की सीमाएं अनेक जगहों पर आपस में मिलती हैं। बंगाल और बिहार ही पूर्वोत्तर के आठों प्रांतों को भारत से जोड़ते हैं। अतः सामरिक दृष्टि से इनका अपना एक विशेष महत्व है। बांग्लादेश की आधी यानी लगभग 2,200 किलोमीटर की सीमा बंगाल से सटी हुई है। बांग्ला भाषा के कारण भारतीय और बांग्लादेशी के बीच फर्क कर पाना कठिन होता है। इसका फायदा उठाकर बांग्लादेश से घुसपैठिए, आतंकी और तस्कर भारत में प्रवेश करते रहे हैं। 1979 में असम के मंगलदोई संसदीय सीट पर पुनर्मतदान के समय मात्र एक वर्ष में ही लगभग 47,000 मुस्लिम मतदाताओं की वृद्धि ने बांग्लादेश से हो रही इस घुसपैठ के प्रति देश का ध्यान खींचा। मुस्लिम घुसपैठ के कारण असम में चले आंदोलन और फिर केंद्र सरकार एवं असम आंदोलनकारियों के बीच 1985 में हुए समझौते के बाद यह मुद्दा न केवल असम, बल्कि राष्ट्र का मुद्दा बन गया। अतः भारत में हो रही इस घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी शुरू हुई, पर सीमा की प्राकृतिक बनावट और भाषाई अनुकूलता का फायदा उठाकर घुसपैठिए बिना किसी भय के भारत में लगातार आते रहे। आज भी बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा घुसपैठियों का प्रवेश द्वार बने हुए हैं। सेक्युलर राजनीति इन्हें संरक्षण प्रदान कर रही है। यह घुसपैठ देश की आबादी के स्वरूप को किस कदर बिगाड़ रही है, इसकी एक बानगी देखिए। 1961 से 2011 यानी विगत पांच दशकों में देश में हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 125.78 प्रतिशत तथा मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 194.38 प्रतिशत रही और देश की कुल जनसंख्या में औसतन मुस्लिम आबादी 3.54 प्रतिशत बढ़ी। वहीं इस दौरान असम में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 286.16 प्रतिशत रही तथा मुस्लिम आबादी 10.93 प्रतिशत बढ़ी। बंगाल में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 252.95 प्रतिशत रही और मुस्लिम आबादी 7.01 प्रतिशत बढ़ी। ओडिशा में हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 129.51 प्रतिशत तो मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 323.40 प्रतिशत रही। झारखंड में भी हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 142.21 तो मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 340.35 प्रतिशत रही। झारखंड के संताल परगना के साहिबगंज में 14.7 प्रतिशत तो पाकुड़ जिले में मुस्लिम जनसंख्या में 13.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बिहार के किशनगंज प्रखंड में मुस्लिम आबादी 14.19 प्रतिशत तथा कटिहार के बारसोई प्रखंड में 16.33 प्रतिशत मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी। बांग्लादेश से हो रही घुसपैठ के कारण बंगाल के मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तरी दिनाजपुर जिले तो मुस्लिम बहुल हो गए हैं। बिहार का किशनगंज जिला भी मुस्लिम बहुल हो गया है और निकट भविष्य में कटिहार तथा अररिया भी मुस्लिम बहुल हो जाएंगे। पूर्वोत्तर जाने वाली ट्रेनें झारखंड के साहिबगंज और बिहार के कटिहार और किशनगंज जिले से होकर ही गुजरती हैं। जिहादी ताकतें बिहार के अररिया, किशनगंज और कटिहार, झारखंड के साहिबगंज और पाकुड़ तथा बंगाल के मुर्शिदाबाद-मालदा और उत्तरी दिनाजपुर जिले को भारत से काटने की एक दीर्घकालिक योजना पर कार्यरत हैं। वैसे सीमाओं की रक्षा के लिए देश में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का गठन हुआ है।

## प्रकृति से खिलवाड़ का परिणाम जोशीमठ की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति

उत्तराखंड के चमोली जिले का जोशीमठ दुखद कारणों से खबरों में है। वहां घरों, गलियों और सड़कों में दरारें पड़ने और उसके चलते उपजी दहशत में फंसे लोगों ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। अभी तक 600 से ज्यादा घर जमीन बैठ जाने या दरारें पड़ने के कारण असुरक्षित घोषित किए जा चुके हैं और उनमें रह रहे



लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा चुका है। 1976 में भी जोशीमठ में जमीन धंसने का बड़ा हादसा हुआ था। इसी तरह दो साल पहले फरवरी 2021 में यहां की धौलीगंगा नदी में हिमस्खलन के कारण बनी झील के अचानक फूटने से वहां का जलविद्युत संयंत्र बुरी तरह तबाह हो गया था। इस दुर्घटना में 35 कर्मी मारे गए थे और जोशीमठ के आसपास के इलाके को भारी नुकसान हुआ था। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनुसार 2009 से 2012 के बीच इस इलाके में 128 स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं। जोशीमठ का शंकराचार्य से विशेष नाता है। ज्योतिर्मठ होने की अपनी विशेष पवित्रता के कारण ही इस नगर को अपना नाम जोशीमठ मिला। इसके अलावा दो नदियों धौलीगंगा और अलकनंदा तथा दो उपनदियों कर्मनाशा और ढकनाला से घिरा जोशीमठ निकटवर्ती बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और स्कीइंग का अंतरराष्ट्रीय आकर्षण बन चुके औली के लिए मुख्य द्वार जैसा है। इस कारण हर साल लाखों भक्तों, पर्वतारोहियों और शीतकालीन खेल प्रेमियों के लिए जोशीमठ एक मुख्य पड़ाव बन चुका है। इसके अलावा भारत-तिब्बत सीमा पर लगातार बढ़ते हुए चीनी खतरे के कारण भी यह इलाका भारतीय सेना की गतिविधियों का पहले से कहीं अधिक सक्रिय केंद्र बन गया है।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक कर मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिया निर्देश

**मिर्ज़ापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आयुक्त सभागार में विकास कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा कर दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल, सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, भदोही गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर श्रीलक्ष्मी वीएस, भदोही एवं सोनभद्र एवम संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र मण्डलीय अधिकारी शमिल रहें। समीक्षा बैठक के प्रारम्भ में संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश में विन्ध्याचल मण्डल की प्रगति चैथे स्थान पर हैं। जिसें जनपद भदोही आठवें, मीरजापुर 42वें एवं सोनभद्र 41वें स्थान पर हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद सोनभद्र व मीरजापुर मे सुधार की आवश्यकता हैं। बैठक में सेतु निगम की समीक्षा के दौरान पूर्व बैठकों में भी कर्णावती नदी पर बने सेतु एप्रोच










रोड को एक माह के अन्दर पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया था परन्तु अभी तक ठीक नही कराया गया है जिस पर परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम द्वारा बताया गया कि उक्त मार्ग को मौसम सही होने पर फरवरी माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान चिकित्सकों की उपस्थिति, आयुष्मान भारत, परिवार नियोजन, पुरूष महिला नसबन्दी, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों की क्रियाशीलता, वायो मेडिकल इक्यूपमेंट मेंन्टेनेंस, आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धतता आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष व्यय की स्थिति अत्यन्त खराब होने पर अपर निदेशक स्वास्थ्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया कि अपने स्तर से सभी मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रत्येक मदवार कार्योपरान्त भुगतान सुनिश्चित कराते हुये समीक्षा कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कार्योपरान्त तत्काल बकाया भुगतान भी सुनिश्चित करायें। आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया उक्त दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य के द्वारा बताया गया कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने में मीरजापुर 53.06, सोनभद्र में 12.03 एवं भदोही में 34.99 प्रतिशत परिवारों के गोल्डन कार्य बनाया जाना अवशेष रह गये है, जिसे कार्ययोजना बनाकर कार्य कराया जा रहा हैं। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत तीनों जनपदों में उपचारित के सापेक्ष क्लेम शत प्रतिशत प्रगति हैं। मण्डलायुक्त ने चिकित्सकों की उपथिति बनाये रखने के दृष्टिगत अस्पतालों का निरीक्षण तथा अनुपस्थित चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही अन्य रिक्त चिकित्सक पदों पर आवश्यकतानुसार भर्ती प्रक्रिया भी करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मानव के स्वास्थ्य बनाये रखने के लिये महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। सिचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद मीरजापुर में रजवाहा अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति शत प्रतिशत, अलपिका योजनान्तर्गत भौतिक प्रगति मीरजापुर 99.83, भदोही एवं सोनभद्र शत प्रतिशत बताया गया। तीनों जनपदों में नहरों की सफाई हेतु विभागीय मद प्रगति संतोषजनक परन्तु मनरेगा अन्तर्गत मीरजापुर एवं भदोही में कम प्रगति पर बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा जनपद में सिल्ट सफाई कार्य का ड्रोन कैमरा से वीडियों एवं फोटोग्राफी कर स्क्रीन पर प्रदर्शित किये जाने पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाये किसी भी निर्माण/मरम्मत कार्य प्रारम्भ कराने के पूर्व फोटोग्राफी तथा निर्माण कार्य समाप्त होने पर भी फोटोग्राफी अवश्य करा लें। बैठक में विद्युत विभाग के विद्युत वसूली, निवेश मित्र पोर्टल झटपट पोर्टल के प्रकरणों का निस्तारण यथा शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद मीरजापुर में एन0एच0आई0 के एक सड़क निर्माण कार्य वाराणसी-डगमगपुर लक्षित चार किलोमीटर के सापेक्ष मात्र लगभग तीन किलोमीटर पूर्ण कराया गया हैं जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये बैठक से अनुपस्थित परियोजना प्रबन्धक एन0एच0आई0 के विरूद्ध चेयरमैन एन0एच0आई0 को पत्राचार करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि प्रान्तीय खण्ड मीरजापुर कुल 25 सड़को के सापेक्ष 19 सड़क पूर्ण शेष 06 सड़क 15 फरवरी 2023 तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। निर्माण खण्ड-2 द्वारा 22 सड़को के सापेक्ष 15 पूर्ण तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा 31 के सापेक्ष 06 पूर्ण, इसी प्रकार भदोंही में लोक निर्माण विभाग द्वारा 08 के सापेक्ष चार तथा सोनभद्र के प्रान्तीय खण्ड 57 के सापेक्ष 38, निर्माण खण्ड सोनभद्र 16 के सापेक्ष 11 सड़को को पूर्ण कराया जा चुका है। मण्डलायुक्त द्वारा सभी अवशेष सड़को को 15 फरवरी तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्माणाधीन सेतु निर्माण कार्य में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पशुपालन कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, एन0आर0एल0एम0 समूह का गठन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल निगम, खाद्य एवं रसद, मत्स्य विभाग, उद्यान, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक विभाग, महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार, वन विभाग, दुग्ध विभाग, बेसिक शिक्षा, कौशल विकास, श्रम विभाग, सूक्ष्म लघु, खादी ग्रामोद्योग सहकारिता सहित अन्य विभागों की बिन्दुवार समीक्षा किया। बैठक मण्डलायुक्त ने एन0आर0एल0एम0 के समूहों का गठन, किसान क्रेंडिट कार्ड को आधार से लिंक कराने तथा प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण को समय से पूर्ण कराने, खादी ग्रामोद्योग के तहत पात्र लाभार्थियो को किट वितरण कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने सभी मण्डलीय अधिकारियों से एवं कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि अधिकारी स्वंय क्षेत्र में लाये तथा अपने कार्यो का मौके पर भौतिक सत्यापन करें तदुपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें। उन्होने कहा कि मण्डलीय बैठकों में मण्डलीय अधिकारी को ही प्रगति के बारे में जवाब देनी होगी अतएव बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आयें। (2) जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न मिर्ज़ापुर। अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजिया, की अध्यक्षता में जिला पंचायत मीरजापुर की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में सदस्य विधान परिषद, मीरजापुर/सोनभद्रश्यामनारायण सिंह एवं समस्त सदस्यगण, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में अध्यक्ष ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सदस्यगण द्वारा जनहित में उठाये गये प्रकरण/समस्याओं का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराये तथा उसका फीडबैंक दें, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहें एवं जिले में प्रगति के कार्य समयान्तर्गत सुनिश्चित हो सके। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक दिनांक 12.04.2022 की कार्यवाही में मा0 सदस्यगण द्वारा उठाये गये विन्दुओं के क्रम में संबंधित अधिकारी स्तर से प्राप्त अनुपालन आख्या सदन में पढ़कर सुनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य, नहरो से हो रहे सिंचाई व्यवस्था, स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिये जाने वाले दवाओं, चिकित्सक एवं विद्युतीकरण आदि जनहित के कार्यो पर गहन विचार विमर्श किया व्यापक विचार विमर्श उपरान्त पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी। जिला पंचायत, मीरजापुर के पुनरीक्षित बजट 2022-23 के आय पक्ष में गत वर्ष की बचत धनराशि मु0 269836543.00 को सम्मिलित करते हुए मु0 675186543.00 का प्राविधान किया गया है एवं व्यय पक्ष में म0 638000000.00 का प्राविधान करते हुए मु0 37186543.00 का बचत दर्शाया गया है। जिसपर व्यापक विचार-विमर्श उपरान्त सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। मूल बजट 2023-24 उपलब्ध आकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। मूल बजट 2023-24 के आय पक्ष में गत वर्ष की बचत धनराशि मु0 37186543.00 को सम्मिलित करते हुए मु0 475036543.00 का प्राविधान किया गया है एवं व्यय पक्ष में मु0 467500000.00 का प्राविधान करते हुए मु0 7536543.00 का बचत दर्शाया गया है। जिसपर व्यापक विचार विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से मूल बजट 2023-24 अनुमोदित किया गया। जिला पंचायत की कर सूची वर्ष 2022-23 में विकास खण्डवार तैयार किये गये करदाताओं की संख्या 4679 के सापेक्ष 11161650.00 रू0 करारोपण किया गया है, जिसपर व्यापक विचार विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदित किया जिला पंचायत मीरजापुर को पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। जिला पंचायत मीरजापुर को पन्द्रहवें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। उप निदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्रांक 2353/33-सेल / 2022 दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 के क्रम में अष्टभुजा डाक बंगला लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण किये जाने के संबंध में ध्वनिमत से विरोध किया गया तथा किसी भी दशा में लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण न किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए प्रकरण शासन को अवगत कराये जाने का निर्देश प्रदान किया गया। शासन के आदेश क्रम में निराश्रित गोवंश/दुर्घनाग्रस्त बड़े पशुओं को परिवहन के दृष्टिगत कैटल कैचर/मल्टी परपज व्हीकल हेतु तहसीलवार चार अदद कैटल कैचर/मल्टी परपज व्हीकल जनहित में क्रय किये जाने की अनुमति सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। (3) जिलाधिकारी ने विंध्य कारिडोर का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश मिर्ज़ापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विन्ध्य कारिडोर कार्य पूर्ण करने के लिए पूर्व से जारी की गई समयावधि में कार्यदाई संस्था द्वारा अपेक्षित प्रगति न लाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये आगामी 10 मार्च 2023 तक परिक्रमा पथ, पक्का घाट मार्ग एवं न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग, पक्का घाट पर निर्माणाधीन मुख्य प्रवेश द्वार को प्रत्येक दशा पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कोतवाली मार्ग पर बरतर तिराहा पर बनने वाले चार में से एक प्रमुख द्वार को छोड़कर बाकी तीनों मार्गो तथा परिक्रमा पथ व प्लाजा का निर्माणकार्य पूर्ण किया जाय। उन्होंने कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर वीरेन्द्र कुमार को निर्देशित करते हुए कहा की किसी भी स्तर पर अवरोध आने पर किसी भी समय अवगत कराये ताकि समय रहते उसका निस्तारण किया जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि पन्द्रह फरवरी तक प्लाजा का कार्य बीस फरवरी तक पक्काघाट मार्ग का कार्य तथा दस मार्च तक परिक्रमा पथ के बाहरी हिस्से का काम किसी भी तरीके से पूर्ण करें। उन्होने कहा कि विन्ध्य कारीडोर मा0 मुख्यमंत्री जी के विशेष प्राथमिकताओं में अतएव कारीडोर का निरीक्षण करने के लिये मुख्य सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जा सकता हैं। इस दौरान कार्यदाई संस्था के अधिकारियों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। (4) नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन अस्थायी गौशालों को एक सप्ताह में पूर्ण कराने का दिया निर्देश मिर्ज़ापुर। जनपद में निर्माणाधीन अवशेष निराश्रित गौवंश को अविलम्ब पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में महेन्द्र वर्मा आई0ए0एस0/नोडल अधिकारी के द्वारा अष्टभुजा निरीक्षण गृह में बैठक कर प्रगति की जानकारी ली गयी। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, उप निदेशक पशुपालन के अलावा के अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में बताया गया कि जनपद कुल 25 गौवंश आश्रय स्थल शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिन पर शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही हैं। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रो में विकास खण्ड पटेहरा में एक तथा हलिया विकास खण्ड अन्तर्गत चार अस्थायी गौशाला निर्माणाधीन हैं, जिसे नोडल अधिकारी द्वारा एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद मीरजापुर में 31 दिसम्बर 2022 तक गौवंश आश्रय स्थलों के ग्रामीण क्षेत्रो में 4891 तथा नगरीय क्षेत्रो में 1338 निराश्रित गौवंश संरक्षित किये गये हैं। बैठक में जन सहभागिता योजना में अधिक से अधिक लोगो को भागीदारी सुनिश्चित करने, गौ आश्रय स्थलों के भरण पोषण हेतु धनराशि समय पहुँचाने का निर्देश दिया गया। सहभागिता योजान्तर्गत कुपोषित परिवारों को कुल दुधारू 22 गौवंश दिये गये हैं। जिला मानिटरिंग सेल की क्रियाशील करने के भी निर्देश दिया गये। समय से धनराशि की मांग न किये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि बजट की समय से मांग करते हुये गौशालों की समुचित व्यवस्था सहभागिता योजान्तर्गत देय धनराशि का भुगतान तथा केयर टेकरों का भुगतान सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गौशालों में सभी समुचित व्यवस्थाए सुनिश्चित तथा नियमित रूप से सभी पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया। (5) मण्डलायुक्त ने करकरेत्तर, एवम कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिया निर्देश मिर्ज़ापुर।मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आयुक्त सभागार में डीआईजी रेंज आर0पी0 सिंह, तीनों जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी व अन्य राजस्व से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर कर एवं करेत्तर, मुख्य देय एवं विविध देय, राजस्व वसूली के साथ जनपद में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अपर जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने से सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के साथ बैठक कर राजस्व की वसूली बढ़ाने हेतु समीक्षा करें। उन्होने कहा कि विभिन्न बैंको के द्वारा आर0सी0 के सापेक्ष वसूली में प्रगति लाये। तीनों जनपदों में आबकारी, परिवहन में मासिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्ति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये बढ़ाने का निर्देश दिया गया। खनिज एवं खनिकर्म मद में मण्डल की राजस्व प्राप्ति मात्र 57.65 प्रतिशत की प्रगति रहने पर जनपद मीरजापुर व सोनभद्र द्वारा मासिक लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार वन विभाग की वसूली प्रगति में भी जनपद सोनभद्र व मीरजापुर कम पायी गयी। आर0सी0 के माध्यम से विभिन्न मदों की वसूली में जनपद मीरजापुर वाणिज्य कर की वसूली 62.82 प्रतिशत भदोही में मुख्य देय आबकारी कर वसूली 7.41 एवं 62.53 प्रतिशत जनपद सोनभद्र में मुख्य देय वाणिज्य कर, खनिज कर की वसूली क्रमशः 10.19, 01.34 व 52.72 प्रतिशत हैं। उपरोक्त सभी मदों में मासिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों पर अगले माह बैठक में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। ग्राम समाज की भूमि आवंटन यथा कृषि भूमि, आवास स्थल, मत्स्य स्थल, मीरजापुर में कृषि एवं आवास भूमि की उपलब्धी क्रमशः 90.42 एवं 92 प्रतिशत पर संतोष व्यक्त करते हुये जनपद भदोही में कृषि भूमि आवंटन के कम प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने उच्च न्यायालयों में योजित वादों में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारी को समय से दाखिल करने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि भू माफिया तथा अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध चिन्हित कर कार्यवाही किया जाय। उन्होंने अमृत योजना जलापूर्ति के तहत कार्यो में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया उन्होंने सार्वजनिक उपयोग भूमि यथा तालाब, चारागाह व श्मशान आदि पर अवैध कब्जा को हटाने का निर्देश दिया।

# पठान के सेट से वायरल हुई शाह रुख खान की मस्ती करते हुए फोटो, क्रू मेंबर्स से यूं बटोरा प्यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान चार सालों के लंबे ब्रेक के बाद एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने वाले हैं। फैंस भी अपने किंग खान का जादू एक बार फिर देखने के गोद में दिख रहे हैं और हाथ फैलाकर अपना आइकोनिक पोज कर रहे हैं। पिक्चर में फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद भी नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड से ऐसा लग रहा है कि ये फोटो गाना झूमे जो फैलाकर आप सभी को झप्पी दे रहे हैं। शाह रुख खान आखिरी बार अनुष्का शर्मा के साथ फिल्म जीरो में नजर आए थे, जिसे आनंद एल राय ने डायरेक्ट किया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप साबित



लिए बेताब हैं। पठान को रिलीज होने अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। अब पठान के सेट से किंग की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वो क्रू मेंबर्स संग मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं क्रू मेंबर्स संग शाह रुख की मस्ती शाह रुख खान की इस फोटो को उनके एक क्रू मेंबर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। तस्वीर में किंग खान सेट पर स्पेशल ट्रीटमेंट लेते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो में शाह रुख अपनी टीम की पठान की शूटिंग के दौरान ली गई है।पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, ये नाम क्यों पड़ा, इसके लिए थोड़ा इंतजार कीजिए, जल्दी मिलते हैं पठान से। क्रू मेंबर से इस तस्वीर को पाकर फैंस बेहद खुश नजर आ रहे हैं क्योंकि पोस्ट पर सभी ने अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, आप सभी का शुक्रिया हमारे शाह रुख खान को इतना प्यार देने के लिए। आप सभी हीरा हैं एक अन्य यूजर ने कहा, इमोशन्स...ऐसा लग रहा है कि शाह रुख अपना हाथ हुई। वहीं, अब लगभग चार सालों बाद किंग खान कम बैक कर रहे हैं, और उनकी पहली फिल्म पठान होगी, जो कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। पठान के अलावा शाह रुख के पास राज कुमार हिरानी की फिल्म डंकी भी है, जिसमें वह तापसी पन्नू के साथ नजर आएंगे। किंग खान इस वक्त साउथ के डायरेक्टर एटली के साथ भी एक अनटाइटल्ड फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ फातिमा सना शेख और नयनतारा भी शामिल हैं।

# इस हसीना को सलमान खान करेंगे शो से बाहर साजिद-अब्दु के बाद अब है इनकी बारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 में चल रहे रोज नए ड्रामे को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। पिछला हफ्ता घर में एलिमिनेशन की भेंट चढ़ गया और अब घर में फिर से वक्त नॉमिनेट हुईं ये हसिनाएं घर में इस बार एलिमिनेशन टास्क के लिए तैयार किया गया विशेष कीचड़, तो जिस भी कंटेस्टेंट को घर से बेघर करने के लिए नॉमिनेट करना था घरवाले उस पर कीचड़ फेंक



आ गया एलिमिनेशन का। इस बार घर से बेघर होने की बारी है टीवी की सबसे पॉपुलर बहू टीना दत्ता की क्योंकि वो आ गई है मंडली के निशाने पर। इसके साथ ही घर की चार लड़किया नॉमिनेट हुई हैं। रहे थे। इस बार मंडली के निशाने पर थीं टीना दत्ता। रिलीज हुए प्रोमो में देखा जा सकता है कि मंडली का हर सदस्य टीना दत्ता का नाम लेता है। शिव, स्टैन, निमृत, सुंबुल, सौंदर्या ये सभी लोग टीना को नॉमिनेट करते हैं और कहते हैं कि उनका खेल में योगदान सबसे कम है।इस बार घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट होने वालों में हैं अर्चना गौतम, सुम्बुल तौकीर खान, सौंदर्या शर्मा और टीना दत्ता। तलब ये है कि अगर एलिमिनेशन होता है तो घर से एक मजबूत सदस्य की छुट्टी होनी तय है। लोगों को उम्मीद है कि इस बार या तो टीना या फिर सुम्बुल में से कोई घर से बेघर होने वाला है। दूसरी तरफ कैप्टेंसी टास्क जीतकर निमृत कौर पहले ही शो की पहली फाइनलिस्ट बन चुकी हैं। क्योंकि इस बार बिग बॉस ने ऐलान किया था कि जो भी घर का नया कैप्टन बनेगा उसे सीधा टिकट टू फिनाले मिल जाएगा। तो शो का सबसे कमजोर मानी जाने वाली निमृत को इस बार टिकट टू फिनाले मिला है। शो के टॉप तीन की बात करें तो पहले नाम आया कि प्रियंका, शिव और स्टैन इसमें जगह बनाने वाले हैं लेकिन निमृत के फाइनल में जाते ही ये समिकरण बदल गए लगते हैं।

# हंसल मेहता की फिल्म 'फराज' से बॉलीवुड डेब्यू कर रहे जहान कपूर ट्रेलर में दिखी दमदार एक्टिंग



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कपूर खानदान से एक और कलाकार बॉलीवुड में अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार है। रणबीर कपूर और करीना कपूर खान के कजिन जहान कपूर हंसल मेहता निर्देशित फिल्म फराज से फिल्मों में अभिनय की पारी शुरू कर रहे हैं। जहान, शशि कपूर के पोते हैं और पहली फिल्म से उन्होंने दिखा दिया कि कहानियों के चुनाव के मामले में वो कपूर फैमिली के बाकी सदस्यों से कुछ अलग हैं। फराज का ट्रेलर सोमवार को जारी कर दिया गया, जिसमें जहान के साथ परेश रावल के बेटे आदित्य रावल मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा और भूषण कुमार ने किया है। फराज सच्ची घटना से प्रेरित फिल्म है और इंसानियत और आतंकवाद के बीच वैचारिक सोच के अंतर को दिखाती है। यह एक रात की कहानी है और एक जुलाई, 2016 को ढाका में हुई एक आतंकी घटना को पर्दे पर दिखाती है। आतंकियों ने ढाका के एक कैफे में कई निर्दोषों को मार डाला था, तब मासूमों की जान बचाने के लिए आतंकियों के सामने एक नौजवान बेखौफ खड़ा हो गया था। फिल्म 3 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# लता मंगेशकर के साथ कभी काम नहीं करने की खाई थी कसम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**'लेके पहला पहला प्यार...' और कजरा मोहब्बत वाला जैसे सदाबहार गाने देने वाला ओपी नैय्यर की आज बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म पाकिस्तान के लाहौर में 16 जनवरी नहीं गवाऊंगा' उन्होंने दीदी को कभी कोई गाना गाने के लिए नहीं दिया बल्कि वो आशा भोंसले को मौके देते थे। इसके पीछे की कहानी भी बहुत दिलचस्प है... दरअसल, यह घटना तब की है जब फिल्म



साल 1926 को हुआ था। वैसे तो नैय्यर साबह के कई किस्से फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर है लेकिन लता मंगेशकर के साथ जो उनकी लड़ाई थी वो काफी चर्चा में रही। ओपी नैय्यर का फिल्म इंडस्ट्री में तूती बोलती थी, उनके लगभग सारे गाने एक से बढ़कर हिट, उस वक्त सुर सम्राज्ञी कही जाने वाली लता मंगेशकर टॉप पर छाई हुई थीं पर नैय्यर साहब ने कसम खा रखी थी कि.. 'मैं लता मंगेशकर से कभी गाना आसमान की शूटिंग चल रही थी। उस वक्त लता दीदी अपने करियर के पीक पर चल रही थीं, ओवी नैय्यर चाहते थे कि वो उनकी फिल्म के लिए भी एक गाना गाए जिसे लीड हीरोइन पर नहीं बल्कि सहनायिका पर फिल्माया जाना था। लता दीदी को ये बात अच्छी नहीं लगी कि उनकी आवाज को लीड हिरोइन नहीं बल्कि किसी सहनायिका के लिए इस्तेमाल किया जाए। उन्हें साफ शब्दों में मना कर दिया।

# रैपर हनी सिंह का छलका दर्द, बोले- बुरे समय में इन बॉलीवुड सितारों ने थामा था हाथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हनी सिंह फिल्म जगत के सबसे विवादित रैपर माने जाते हैं। उनके पुराने गानों पर आज भी लोग बड़े चाव से डांस करते हैं। कभी सफलता के सांतवें आसमान को छूने वाले हनी सिंह अचानक ही इंडस्ट्री से गायब हो गए थे। साल 2014 में उनकी 'देसी



कलाकार' एल्बम रिलीज हुई, लेकिन इसके बाद वह कहीं नजर नहीं आए। रैपर हनी सिंह कुछ सालों तक सिर्फ इंडस्ट्री से ही नदारद नहीं रहे, बल्कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी और प्रोफेशनल लाइफ दोनों में ही कई उतार-चढ़ाव देखें। अब रैपर इंडस्ट्री में एक बार फिर से वापसी तो कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने उस समय को याद किया जब वह अपनी जिंदगी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और इंडस्ट्री के कुछ सितारों ने उनकी मदद की थी। हनी सिंह जब इंडस्ट्री से अचानक गायब हुए उस समय को याद करते हुए उनका दर्द छलक गया। रैपर ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत करते हुए बताया कि उन्हें इंडस्ट्री में किस-किस सितारे से सपोर्ट मिला। हनी सिंह ने कहा, 'सबने बहुत सपोर्ट किया है। जब मैं बिलकुल खराब समय में था और कुछ समझ नहीं आ रहा था क्या करूं और किस डॉक्टर के पास जाऊं। तो उस समय में दीपिका पादुकोण ने मेरी बहुत मदद की। दीपिका भी मेंटल प्रॉब्लम से गुजर चुकी हैं। उन्हें लगा मेरी प्रॉब्लम उनकी जैसी है। मेरा केस बहुत ज्यादा सीरियस था। उस दौरान दीपिका पादुकोण ने मेरे परिवार को दिल्ली में एक डॉक्टर सजेस्ट किया। मैं इलाज के लिए उन्हीं डॉक्टर के पास गया'। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए हनी सिंह ने कहा, 'दीपिका पादुकोण के अलावा शाह रुख खान और अक्षय पाजी का भी काफी सपोर्ट रहा। अक्षय पाजी का अक्सर फोन आता था, लेकिन मैं फोन पर बात नहीं करता था। मैंने पांच साल किसी से भी फोन पर बात नहीं की। 3 साल तक मैंने टीवी भी नहीं देखा। जिस तरह की जानकारी टीवी पर दी जा रही थी, वह मुझे ट्रिगर कर रही थीं। हनी सिंह के इंडस्ट्री से अचानक नदारद होने के बाद उनके करियर पर भी काफी असर पड़ा, जिसके जवाब में रैपर ने कहा, 'मुझे काम से लेना देना नहीं है, मजदूर आदमी हूं, दोबारा चीजें खड़ी कर लूंगा' हनी सिंह ने इंडस्ट्री में एक लम्बे समय बाद 'मखना' गाने से वापसी की। इस दौरान न सिर्फ उनका वजन बढ़ा हुआ नजर आया, बल्कि उनका हेयर स्टाइल भी बदला-बदला दिखाई दिया। अब हनी सिंह जल्द ही अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म 'सेल्फी' और सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई, किसी की जान' में गाना गाते हुए नजर आएंगे।

# एमसी स्टैन से लेकर अब्दु तक, मंडली के ब्वॉयज को लड़की बना देख हो जाएगी फीमेल कंटेस्टेंट को जलन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 13 के बाद सोशल मीडिया पर अगर किसी सीजन की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह इस बार का सीजन है। सलमान खान के शो ने टीआरपी



लिस्ट में लगातार टॉप पोजीशन पर अपनी जगह बनाई हुई है। शो को तीन महीने से ज्यादा का बीत चुका है और घर में बचे हुए हर कंटेस्टेंट की नजर अब शो की ट्रॉफी पर है। घर की फीमेल कंटेस्टेंट को बिग बॉस बार-बार अपना ब्यूटीफुल लुक दिखाने के लिए कोई न कोई टास्क करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि साजिद खान की मंडली के ब्वॉयज के फीमेल वर्जन के आगे घर की लड़कियां कंटेस्टेंट भी फेल हैं। सोशल मीडिया पर आए दिन बिग बॉस से जुड़ी कोई न कोई वीडियो अक्सर वायरल होती रहती हैं। अब हाल ही में एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को ट्विटर पर रुबीना और अभिनव रुबिनव ने शेयर किया है। वायरल वीडियो में उन्होंने साजिद खान की मंडली के लड़कों को लड़की में तब्दील कर दिया है। सिर्फ लड़कों को ही नहीं, बल्कि निमृत कौर अहलूवालिया और सुम्बुल तौकीर खान भी अगर लड़का होती तो कैसी दिखतीं, इसका एक वीडियो बनाया है। इस वीडियो में साजिद खान के अलावा अब्दु, शिव और एमसी स्टैन का फीमेल वर्जन देखने को मिल रहा है सोशल मीडिया पर एमसी स्टैन, शिव, अब्दु और साजिद का फीमेल वर्जन देखकर सोशल मीडिया पर लोग मजेदार प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, 'अब्दु सबसे क्यूट लड़की लग रहा है और निमृत सबसे ज्यादा हैंडसम लग रही है'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'स्टैन शिव और अब्दु बहुत ही प्यारी फीमेल्स लग रहे हैं। निम्मी भी लड़का बनकर काफी हैंडसम दिख रही हैं'।

# अमन और विनीता का ऑफर एक्सेप्ट करने पर ट्रोल हो रहीं युशिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सोनी टीवी पर चलने वाला शो शार्क टैंक हाल ही के दिनों में दर्शकों की पसंद बन गया है। इस शो में शार्क को अगर कोई बिजनेस पसंद आ जाता है और उसमें मुनाफा दिखता है तो वो उस बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आपस में लड़ने



से भी पीछे नहीं हटते। ऐसा ही कुछ हालिया एपिसोड में भी देखने को मिला। हालांकि ये एपसोड किसी ड्रामे से कम नहीं रहा, जब हेयर कलर कंपनी पैराडाइज के सीईओ यहां पहुंचे और उन्हें ऑफर देने के लिए शार्क आपस में लड़ने लगे। इसके बाद ये पूरा एपिसोड एक ड्रामे में तब्दील हो गया। हालांकि इन सब के बीच पैराडाइज की सीईओ युशिका जॉली ने अमन गुप्ता और विनीता सिंह के ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया। इसी के चलते अब युशिका को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा है। हालांकि उनके पति की लोग उनकी बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स के लिए तारीफें कर रहे हैं।शार्क टैंक के हालिया एपिसोड में पैराडाइज को ऑफर देने के लिए शार्क आपस में भिड़ गए थे। इस भिड़ंत के बाद कंपनी की सीईओ युशिका ने अमन गुप्ता और सुगर विनीता सिंह का ऑफर एक्सेप्ट कर लिया।

# प्लीज शाह रुख खान को किसी धर्म से मत जोड़िए', फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर की दर्शकों से अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान का पहला ट्रैक 'बेशरम रंग' जैसे ही रिलीज हुआ फिल्म विवादों में



घिर गई। सोशल मीडिया पर लोगों ने फिल्म के बायकॉट को ट्रेंड करा दिया। तो दूसरे तरफ एसआरके के फैंस इसपर बहस कर रहे हैं कि वो फिल्म को फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखेंगे। अब अनुमान लगाए जा रहे हैं कि इस विवाद से फिल्म को कितना नुक्सान पहुंचेगा। बॉलीवुड हंगामा के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, अनुभवी फिल्म प्रदर्शक और थिएटर मालिक मनोज देसाई ने इन विरोधों के बारे में बात की। धर्म को फिल्म के साथ जोड़कर देखने पर मनोज देसाई ने कहा कि फिल्मों और धर्म को अलग रखा जाना चाहिए। 'यह बिल्कुल गलत है। दिलीप कुमार की मुगल-ए-आजम के बीच अगर आप धर्म को लाते तो 17 साल नहीं चलती। अभिनेता अभिनेता हैं, उनका धर्म न देखें, यह विनम्र निवेदन है। यह सब सिर्फ मनोरंजन है।' फिल्म द डर्टी पिक्चर से विद्या बालन के एक संवाद का हवाला देते हुए, देसाई जारी रखते हैं, 'जैसा कि विद्या बालन ने अपनी फिल्म में कहा था, फिल्म उद्योग मनोरंजन, मनोरंजन, मनोरंजन है। यह कभी न सोचें कि किसी फिल्म में काम करने वाला कौन हिंदू है और कौन मुसलमान। मैं धर्म में पक्ष नहीं लेता। सभी धर्मों का सम्मान करें और फिल्मों की तुलना जाति से न करें।' शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण की ये फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म से शाह रुख चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म में विलेन के रोल में जॉन अब्राहम हैं और सिद्धार्थ आंनद ने इसमें काफी हाई ऑक्टेन एक्शन थ्रील दिखाया है। सोशल मीडिया फिल्म का जमकर बायकॉट चल रहा है। दूसरी तरफ शाह रुख के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। दुनियाभर में फिल्म की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट भी जबरदस्त आ रही है।

# मैराथन की तरह है ऑस्कर रेस 10 हजार सदस्यों को फिल्म दिखाने के लिए बेलने पड़ते हैं पापड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा के चाहने वाले इन दिनों 24 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दिन 95वें ऑस्कर अवॉर्ड्स के नॉमिनेशंस घोषित किये जाने हैं। इंतजार की वजह है और छेलो शो। ये दोनों भारतीय फिल्में एकेडमी निरंतर सोशल मीडिया की चर्चाओं के केंद्र में भी है। राजामौली की इस फिल्म को जिस तरह अलग-अलग अवॉर्ड फंक्शंस में पुरस्कार मिल रहे हैं, ऑस्कर के लिए उम्मीदें भी उसी अनुपात में बढ़ती जा रही हैं, मगर ऑस्कर की राह इतनी आसान नहीं होती। फिल्म को




अवॉर्ड्स की अलग-अलग कैटेगरीज में मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। आरआरआर जहां बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हो चुकी है, वहीं छेलो शो बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री है। आरआरआर इस वक्त दुनियाभर में छायी हुई है। हाल ही में फिल्म के नाटू नाटू गाने को गोल्डन ग्लोब मिल चुका है और अब लॉस एंजेलिस क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में बेस्ट फॉरेन फिल्म और बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग के पुरस्कार जीत चुकी है। इनके अलावा अमेरिका के कुछ और अवॉर्ड्स समारोहों में फिल्म अपना दम दिखा चुकी है। न्यूयॉर्क क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड समारोह में एसएस राजामौली बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं। आरआरआर, एकेडमी अवॉर्ड्स समारोह के वोटर्स तक पहुंचाने के लिए प्रमोशन के अभियान चलाने पड़ते हैं। बाहुबली फिल्मों के निर्माता शोबु यरलागड्डा ने ऑस्कर को मैराथन रेस की संज्ञा दी है। उन्होंने इस पूरे प्रोसेस की जानकारी भी दी। शोबु ने ट्विटर पर लिखा- ऑस्कर के लिए अभियान चलाना मैराथन रेस की तरह है। एकेडमी के दुनियाभर में 10 हजार सदस्य हैं। इनमें से ज्यादातर अमेरिका में है और लगभग 40 भारत में हैं। अपने क्राफ्ट्स (एडिटिंग, साउंड आदि) के आधार पर ये सदस्य एकेडमी की 17 शाखाओं से जुड़े हैं। कुल 16 क्राफ्ट्स हैं और 17वीं शाखा तकनीक के लिए है। हर साल, हर शाखा के सदस्य सबसे पहले रिमांडर लिस्ट की योग्य 300 फिल्मों के लिए वोटिंग करके 10 श्रेणियों में फिल्में चुनते हैं, जो शॉर्ट लिस्ट में शामिल की जाती हैं।मिसाल के तौर पर, सबसे पहले वीएफएक्स शाखा के सदस्य 300 प्लस फिल्मों की रिमाइंडर लिस्ट में से शॉर्टलिस्ट होने वाली 10 फिल्मों के लिए वोटिंग करेंगे और फिर इन 10 फिल्मों से पांच फिल्मों को नॉमिनेशन लिस्ट में चुनने के लिए दोबारा वोटिंग करेंगे। जिस कैटेगरी में कोई शॉर्ट लिस्ट नहीं होती, सदस्य नॉमिनेशन के लिए सीधे अंतिम पांच फिल्मों का चुनाव वोटिंग के जरिए करते हैं। इसके बाद एकेडमी के सभी सदस्य नॉमिनेटेड फिल्मों में से विजेता चुनने के लिए वोटिंग करते हैं। जिसे सबसे अधिक वोट मिलते हैं, वो फिल्म जीतती है।असली चुनौती होती है।

# बिग बॉस से हुए बेघर, अब इस वजह से साथ आए अब्दु रोजिक और साजिद खान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर से पिछले शनिवार अब्दु रोजिक एलिमिनेट हो गए। अब्दु के चले जाने से घर में उनके दोस्तों के बीच उदासी का माहौल छा गया। फैंस ने भी सोशल मीडिया पर उनकी वापसी की मांग की। कई फैंस ने यह तक कहा कि वह अब्दु की वजह से ही बिग बॉस देख रहे थे। वहीं, अब्दु के बाद रविवार को साजिद खान का भी एलिमिनेशन हो गया। यह दोनों कंटेस्टेंट्स बिग बॉस की लड़ाई में सबसे कम इन्वॉल्व होने वाले कंटेस्टेंट के तौर पर जाने जाते थे। यह दोनों भले ही फाइनलिस्ट की लिस्ट से बाहर हो गए हों, लेकिन दिल जीतने के मामले में दोनों नंबर वन पर हैं। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि फराह खान ने कहा है। डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान ने कुछ दिन पहले बिग बॉस में एंट्री ली थी। तब साजिद खान से मिलकर उनके आंसू निकल आए। भाई-बहन का यह इमोशनल बॉन्ड देख फैंस ने दोनों की तारीफ की। फराह और साजिद की यह केमेस्ट्री सिर्फ शो के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी देखने को मिली। हाल ही में फराह खान ने साजिद के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो



शेयर किया। इन तस्वीरों में साजिद, बिग बॉस से बाहर आने के बाद अपने दोस्तों के साथ पार्टी करते देखे जा सकते हैं। मगर जिस इंसान ने फैंस का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, वह हैं अब्दु रोजिक। जी हां, बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद अब्दु रोजिक और साजिद खान ने फराह खान के साथ पार्टी की। फराह ने अब्दु के फेवरेट बुरगीर (बर्गर) और फ्रेंच फ्राइज के साथ दोनों की तस्वीरें शेयर कीं। फैंस को यह देख अच्छा लगा कि शो खत्म होने के बाद भी इन दोनों की दोस्ती बनी हुई है। वहीं, कई यूजर्स ने इस सेलिब्रेशन में शिव ठाकरे को मिस किया। दरअसल, यह सेलिब्रेशन एक तरह से दोस्तों से मिलने के मौके के तौर पर रखा गया था। इसमें रितेश देशमुख, फिल्म प्रोड्यूसर वरदा खान एस नाडियाडवाला सहित कई लोग शामिल हुए। अब्दु और साजिद को एक साथ देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। सिर्फ आम जनता ही नहीं, बल्कि सिलेब्रिटी फ्रेंड्स ने भी दोनों को साथ देख खुशी जताई है। फराह खान के पोस्ट पर मलाइका अरोड़ा, भावना पांडे, सीमा किरण सजदेह, सुगंधा मिश्रा, युविका चौधरी सहित कई नामी लोगों ने प्यार लुटाया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।